RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018


दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 17 | अंक 17 | सीकर, रविवार 15 मार्च 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

विश्व उपभोक्ता दिवस विशेष

## उपभोक्ता देवो भव : का संकल्प ही विकसित राष्ट्र की आधारशिला : मील

संजय सोनी



**झुंझुनू (नवयत्न)।** विश्व का प्रत्येक नागरिक किसी न किसी रूप में उपभोक्ता है। बाजार की पूरी व्यवस्था उपभोक्ता पर ही आधारित होती है। वस्तुएं और सेवाएं तभी अर्थपूर्ण होती हैं जब उन्हें उपयोग करने वाला उपभोक्ता मौजूद हो। इसलिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि उपभोक्ता ही बाजार व्यवस्था की धुरी है और उसकी जागरूकता ही किसी भी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति का आधार बनती है। प्राचीन काल से लेकर आज तक यह स्पष्ट रूप से सिद्ध हुआ है कि जिन देशों के नागरिक एक उपभोक्ता के रूप में जागरूक और समझदार रहे हैं, वहां बाजार व्यवस्था अधिक पारदर्शी और जिम्मेदार बनी है। साथ ही जहां सेवा प्रदाताओं ने उपभोक्ता देवो भव: की भावना को सकारात्मक रूप से स्वीकार किया है, वहां विकास की गति भी तेज हुई है। भारत में तो प्राचीन समय से ही अतिथि देवो भव: की भावना समाज की संस्कृति का हिस्सा रही है। इसी भावना को आधुनिक समय में उपभोक्ता अधिकारों के रूप में सशक्त स्वरूप देने का प्रयास किया गया। देश में पहली बार उपभोक्ताओं के अधिकारों की मजबूत नींव 24 दिसंबर 1986 को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के रूप में रखी गई। यह पहल भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के नेतृत्व में हुई, जिसने उपभोक्ताओं को न्याय दिलाने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया। समय के साथ बाजार की जटिलताओं और उपभोक्ताओं के सामने आने वाली नई चुनौतियों को देखते हुए इस कानून को और अधिक सशक्त बनाया गया। इसी दिशा में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 लागू किया गया, जो 20 जुलाई 2020 से प्रभावी हुआ। इस नए कानून ने उपभोक्ताओं को अधिक मजबूत अधिकार प्रदान किए और उपभोक्ता आयोगों को भी अधिक प्रभावी शक्तियां दीं। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के लागू होने के बाद उपभोक्ता आयोग वास्तव में पीड़ित और शोषित वर्ग की आवाज बनकर उभरे हैं। आयोग को दंडात्मक कार्रवाई की शक्ति मिलने से उसके निर्णयों को लागू करवाने में भी आसानी हुई है। आज देशभर में ऐसे अनेक उदाहरण देखने को मिलते हैं जहां उपभोक्ता आयोग ने आम नागरिक को त्वरित और प्रभावी न्याय दिलाकर न्याय व्यवस्था में लोगों का विश्वास मजबूत किया है। झुंझुनू जिले में भी उपभोक्ता आयोग आमजन के हितों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहा है। हाल ही में अफॉर्डेबल हाउसिंग योजना के तहत फ्लैट्स का कब्जा दिलवाने से जुड़े मामलों की सुनवाई जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में प्रक्रियाधीन है, जिससे प्रभावित उपभोक्ताओं को न्याय मिलने की उम्मीद मजबूत हुई है। यह उदाहरण इस बात को दर्शाता है कि उपभोक्ता आयोग केवल एक न्यायिक मंच ही नहीं, बल्कि आम नागरिक के अधिकारों का संरक्षक भी है। उपभोक्ताओं को त्वरित और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वैकल्पिक विवाद समाधान के प्रयास भी किए जा रहे हैं। इसी क्रम में वर्ष 2026 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला उपभोक्ता आयोग झुंझुनू में लंबित परिवादों तथा प्री-लिटिगेशन प्रार्थना पत्रों सहित कुल 133 प्रकरणों का आपसी समझाइश के माध्यम से निस्तारण किया गया। यह पहल न केवल न्याय प्रक्रिया को सरल बनाती है, बल्कि समय और संसाधनों की भी बचत करती है। विश्व उपभोक्ता दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि जागरूक उपभोक्ता ही स्वस्थ और पारदर्शी बाजार व्यवस्था का आधार होता है। यदि उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति सजग रहेगा, तो बाजार में अनुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही स्वत: स्थापित होगी। आज आवश्यकता इस बात की है कि प्रत्येक नागरिक एक समझदार और जागरूक उपभोक्ता बने। वस्तुओं और सेवाओं का उपयोग करते समय सावधानी बरते, बिल अवश्य लेए नियम और शर्तों को समझे और किसी भी प्रकार के अन्याय या शोषण की स्थिति में अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाए। आइए, विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि उपभोक्ता देवो भव: की भावना को व्यवहार में उतारेंगे, जागरूक उपभोक्ता बनेंगे और विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। क्योंकि जब उपभोक्ता सशक्त होगा, तभी राष्ट्र भी सशक्त और विकसित होगा।

# एलपीजी ला रहे 2 भारतीय जहाजों ने होर्मुज पार किया
## ईरान ने गुजरने की इजाजत दी थी, 2-3 दिन में भारत पहुंचेंगे




**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 15वां दिन है। खाड़ी देशों से एलपीजी लेकर आ रहे भारत के दो जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट पार कर गए हैं। ईरान ने एक दिन पहले इन जहाजों को गुजरने की अनुमति दी थी और अब ये भारत के पश्चिमी तट की ओर बढ़ रहे हैं।

शिपिंग जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा के मुताबिक भारतीय झंडे वाले एलपीजी कैरियर शिवालिक और नंदा देवी ने शनिवार होर्मुज स्ट्रेट पार किया। दोनों जहाज कुल 92,700 टन एलपीजी लेकर भारत आ रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि दोनों जहाज गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाह की ओर जा रहे हैं और इनके अगले 2-3 दिनों में भारत पहुंचने की संभावना है। ये दोनों जहाज उन 24 जहाजों में शामिल थे, जो मिडिल-ईस्ट में जंग शुरू होने के बाद होर्मुज स्ट्रेट के पश्चिमी हिस्से में फंस गए थे।

इससे पहले भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने शुक्रवार को कहा था कि ईरान ने कई भारतीय जहाजों को इस जलमार्ग से गुजरने की अनुमति दी है, हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कुल कितने जहाजों को अनुमति दी गई।

## 5 दिन बाद कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई शुरू
### सरकार बोली- घबराकर बुकिंग न करें; दिल्ली के होटल-रेस्टोरेंट कचरे से बनी गैस इस्तेमाल करें



नई दिल्ली। सरकार ने 5 दिन बाद कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर पर लगी रोक हटा दी है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि देश के 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कमर्शियल सिलेंडर का वितरण शुरू कर दिया गया है। सरकार ने 9 मार्च को कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई पर रोक लगाई थी। वहीं, सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध भंडारण को रोकने के लिए देशभर में छापेमारी तेज कर दी गई है। सरकार ने कहा है कि घरेलू उपभोक्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है। पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मिनिस्ट्री की जॉइंट सेक्रेटरी (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने कहा कि अब दिल्ली-एनसीआर की इंडस्ट्रीज, होटल, रेस्टोरेंट और दूसरी संस्थाओं को एक महीने के लिए नेचुरल गैस की जगह बायोमास से बने पेलेट्स, खासकर रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल पेलेट्स के अस्थायी इस्तेमाल की मंजूरी दे दी गई है।

## कार्रवाई : निवर्तमान पालिकाध्यक्ष के ससुर के कब्जे से सरकारी जमीन कराई अतिक्रमण मुक्त

निसं




**तारानगर (नवयत्न)।** तारानगर नगर पालिका की बहुमूल्य करोड़ों की जमीन, जिस पर लंबे समय से विवाद चल रहा थाए अब आखिरकार नगरपालिका ने कब्जा मुक्त करवा दी है। नगरपालिका प्रशासन ने उक्त भूमि को पूर्णतया अतिक्रमण मुक्त करवाकर वंहा पर नगरपालिका प्रशासन की जमीन होने का बोर्ड लगा दिया है। साथ ही कथित रूप से कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर लिया गया बिजली कनेक्शन भी विद्युत विभाग ने हटाकर बंद कर दिया। बताया जा रहा है कि यह वही जमीन है जहां निवर्तमान नगरपालिका अध्यक्ष प्रियंका बानो के ससुर मुंशी खान द्वारा कब्जा किए जाने का मामला सामने आया था। आरोप है कि इस जमीन पर नियमों को ताक पर रखकर फर्जी और जाली दस्तावेजों के आधार पर पट्टे जारी किए गए थे। इसके बाद ऊपर तक शिकायत होने के बाद जांच के दौरान नगरपालिका अधिशासी अधिकारी की रिपोर्ट में ये पट्टे फर्जी पाए गए। अब पूरी कार्रवाई के बाद यह जमीन पूरी तरह खाली करवा ली गई है, और नगर पालिका ने उस पर अपना बोर्ड लगाकर कब्जा अपने नाम दर्ज कर लिया है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में इस मामले की जोरदार चर्चा हो रही है।

### हवाई सफर हुआ महंगा, इंडिगो ने बढ़ाया फ्यूल चार्ज

**जयपुर।** इंडिगो एयरलाइंस ने फ्लाइट टिकटों पर नया फ्यूल चार्ज लागू किया है। देश की बड़ी एयरलाइन कंपनियों में से एक इंडिगो एयरलाइंस ने यात्रियों को झटका देते हुए यह घोषणा की। 14 मार्च की रात 12:01 बजे से होने वाली नई बुकिंग पर यह अतिरिक्त शुल्क लगाया जाएगा। एयरलाइन के अनुसार- वैश्विक स्तर पर ईंधन कीमतों में तेज बढ़ोतरी और खासतौर पर मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के कारण एविएशन फ्यूल महंगा हुआ है। इसी वजह से कंपनी ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर अलग-अलग श्रेणियों में फ्यूल चार्ज लगाने का निर्णय लिया है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर शुरू




संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** जिला मुख्यालय स्थित राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय गणपति नगर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ हुआ । शिविर में माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ शिविर के प्रथम दिन शिविरार्थियों ने गोद ली गई बस्ती गणपति नगर में साफ सफाई कार्य कर पेड़-पौधो को पानी दिया। कार्यक्रम प्रभारी ने सात दिवसीय शिविर की दैनिक कार्य रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया की शिविर में सामाजिक जागरूकता, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण टीकाकरण, वृक्षारोपण, स्वच्छ भारत अभियान व नेतृत्व, अनुशासन की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में संस्था निदेशक इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने समाज सेवा, जल संरक्षण, राष्ट्र हित, गोद ली गई बस्ती में सेवा का काम राष्ट्र सेवा के बराबर बताया। उन्होंने विधार्थियों से समूह कार्य के रूप में कार्य करते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। साथ ही कहा सफलता का कोई शोर्टकट नहीं होता। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शुभकरण खीचड़, प्रभारी सुधीर शर्मा, प्राध्यापक मंगलाराम, मनीष सैनी, पवन कुमार, दिनेश कुमार व समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### बीकानेर हाउस में राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राजस्थान उत्सव का शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर गत वर्ष से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर राजस्थान दिवस मनाने की शुरूआत की गई। इसी क्रम में इस बार भी राज्य सरकार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (19 मार्च) को राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों एवं आयोजनों के माध्यम से भव्य राजस्थान दिवस मनाने जा रही है। इसी कड़ी में राज्य सरकार द्वारा नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में 15 मार्च से 25 मार्च तक राजस्थान उत्सव 2026 के रूप में फूड एवं क्राफ्ट मेले/उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा बीकानेर हाउस प्रांगण में 15 मार्च 2026 को सायं 7:00 बजे किया जाएगा। राजधानी में राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान के प्रमुख केंद्र बीकानेर हाउस में आयोजित यह उत्सव प्रदेश की जीवंत लोक परंपराओं, कला, संस्कृति और पारंपरिक खान-पान की अनूठी झलक प्रस्तुत करेगा। बीकानेर हाउस प्रांगण में आयोजित यह उत्सव राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति, हस्तशिल्प, लोकनृत्य, लोकसंगीत और पारंपरिक व्यंजनों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगा।

## शहरवासी झुंझुनू को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दें : बोचल्या



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** राजस्थान दिवस समारोह कार्यक्रम के अंतर्गत स्वायत्त शासन विभाग एवं राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार शनिवार को झुंझुनू में स्वच्छता सप्ताह की शुरुआत की गई। इस दौरान जिला कलेक्ट्रेट सर्किल, शहीद स्मारक, सर्किट हाउस तथा नेहरू बाल उद्यान के आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाकर कचरा उठाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर परिषद प्रशासक एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय आर्य तथा नगर परिषद आयुक्त देवीलाल बोचल्या ने हरी झंडी दिखाकर श्रमदान प्रारंभ करवाया। इस अवसर पर नगर परिषद के अधिकारी, कर्मचारी, स्काउट-गाइड व आमजन ने बड़ी संख्या में भाग लेते हुए सफाई अभियान में श्रमदान किया और शहर को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। नगर परिषद आयुक्त ने बताया कि राजस्थान दिवस समारोह के अंतर्गत 19 मार्च तक नगर परिषद द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में प्लास्टिक उत्पादों के दुष्प्रभाव और उनकी रोकथाम के बारे में जागरूकता दी जाएगी।

# पूर्व सैनिकों की विकलांगता पेंशन पर टैक्स का प्रस्ताव वापस लो : ओला

सुरेन्द्र शर्मा



**झुंझुनू (नवयत्न)।** झुंझुनू लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने केंद्र सरकार के बजट 2026 में प्रस्तावित उस संशोधन पर गंभीर आपत्ति जताई है, जिसमें सशस्त्र बलों के सेवानिवृत्त कर्मियों को मिलने वाली विकलांगता पेंशन (वॉर इंजरी पेंशन) को आयकर के दायरे में लाने की बात कही गई है। सांसद ओला ने इस प्रस्ताव को पूर्व सैनिकों के सम्मान और मनोबल के खिलाफ बताते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की है। सांसद ओला ने इस संबंध में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर स्पष्ट कहा है कि वर्षों से विकलांगता पेंशन को आयकर से मुक्त रखा गया है क्योंकि यह उन सैनिकों के त्याग और बलिदान का सम्मान है जो देश की रक्षा करते हुए युद्ध या ड्यूटी के दौरान घायल हुए। ऐसे में इस पेंशन को कर के दायरे में लाने का प्रस्ताव सैनिकों और उनके परिवारों की भावनाओं को आहत करने वाला है। पत्र में ओला ने उल्लेख किया कि बजट 2026 के प्रस्ताव के पैरा 108 में विकलांगता पेंशन को आयकर के दायरे में लाने का संकेत दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल पूर्व सैनिकों के बीच गहरी चिंता पैदा कर रहा है बल्कि इससे सेना में सेवा दे रहे जवानों के मनोबल पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। सांसद ओला ने बताया कि झुंझुनू क्षेत्र देशभर में सबसे अधिक संख्या में सेना में सेवा देने वाले सैनिकों और पूर्व सैनिकों के लिए जाना जाता है। यहां हजारों परिवार ऐसे हैं जिनके सदस्य सेना में सेवा दे चुके हैं या दे रहे हैं। ऐसे में इस प्रस्ताव को लेकर क्षेत्र के सैनिकों और पूर्व सैनिकों में भारी नाराजगी और चिंता है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले और युद्ध में घायल होकर जीवनभर विकलांगता झेलने वाले सैनिकों की पेंशन पर टैक्स लगाना न्यायसंगत नहीं है। सरकार को इस निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए प्रस्तावित संशोधन को तुरंत वापस लेना चाहिए। ओला ने अपने पत्र में वित्त मंत्री से आग्रह किया कि वित्त विधेयक 2026 की अनुसूची-3 में प्रस्तावित इस संशोधन को निरस्त किया जाए ताकि पूर्व सैनिकों की विकलांगता पेंशन पहले की तरह आयकर से मुक्त बनी रहे और सैनिकों का सम्मान अक्षुण्ण रह सके।


## झुंझुनू शहर की लाडली बेटियों ने किया एस एस मोदी का नाम रोशन

जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू (नवयत्न)।** शहर के गौरव पथ स्थित एस एस मोदी विद्या विहार की दो होनहार पूर्व छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय और चिकित्सा के क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय की पूर्व छात्रा मान्या सिंह और आकांक्षा चैधरी की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिवार की ओर से हर्ष व्यक्त किया गया। छात्रा मान्या सिंह ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए अमेरिका की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाचुसेट्स एमहर्स्ट डेंबीनेमजजे के कॉमनवेल्थ कॉलेज में प्रवेश प्राप्त किया है। मान्या को उनकी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर चांसलर अवार्ड के अंतर्गत 72,000 अमेरिकी डॉलर की भारी-भरकम स्कॉलरशिप छात्रवृत्ति भी प्रदान की गई है। वहीं, विद्यालय की एक अन्य प्रतिभावान पूर्व छात्रा आकांक्षा चैधरी ने एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त कर चिकित्सा के क्षेत्र में सफलता का परचम लहराया है। दोनों छात्राओं की उपलब्धि पर विद्यालय परिवार की ओर से विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल, अकादमिक निदेशक रॉय सी पॉल तथा प्राचार्य विजय मसीह ने दोनों छात्राओं सहित उनके अभिभावकों को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। विद्यालय के समन्वयक मनीष अग्रवाल ने कहा कि कम आयु में ऐसी वैश्विक सफलता प्राप्त करना पूरे झुंझुनू जिले के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य शुरू से ही विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करना रहा है। इनकी उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि आगे चलकर दोनों छात्राएँ समाज सेवा करते हुए मानवता के कल्याण में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान देंगी। इस अवसर पर मुंबई प्रवासी ट्रस्टी शशिकांत मोदी, गीलूराम मोदी, सौरभ मोदी, प्रियंक मोदी और कनिका मोदी ने भी दोनों बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### कोबरी-सार



# ब्लड बैंक का हुआ उद्घाटन

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर (नवयत्न)।** शेखावाटी जनाना हॉस्पिटल एण्ड मेडिकल रिसर्च सेंटर में ब्लड बैंक का उद्घाटन शनिवार को किया किया गया। ब्लड बैंक का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीएमएचओ डॉ अशोक महरिया ने किया। इस दौरान शेखावाटी के प्रसिद्ध समाजसेवी स्व. बद्रीनारायण सोढ़ाणी की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर भी लगाया गया। हॉस्पिटल संस्थान के अध्यक्ष कैलाश चंद मोदी ने बताया कि ब्लड बैंक का उद्घाटन अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसी दौरान आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने हिस्सा लेते हुए 79 यूनिट रक्तदान किया। अतिथियों का स्वागत संस्थान के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर किया। इस दौरान उप चिकित्सा अधिकारी डॉ पारीक, मणिशंकर काबरा, सीए सुनील मोर, बीएल सोनी, ओमप्रकाश गाड़ोदिया, पूर्व सभापति जीवण खां, हुकमीचंद तोदी, भंवर सिंह शेखावत आदि मौजूद रहे।

# डेटा एनालिटिक्स पर एलुमनी टॉक आयोजित




निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** स्वामी केशवानंद प्रौद्योगिकी, प्रबंधन एवं ग्रामोथान संस्थान, जयपुर के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग एवं एलुमनी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में डेटा एनालिटिक्स विषय पर एलुमनी टॉक सेशन का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को डेटा एनालिटिक्स के क्षेत्र में उपलब्ध करियर अवसरों और उद्योग की अपेक्षाओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम का संचालन संजू चौधरी द्वारा किया गया, जिन्होंने अतिथि, संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया। इस सत्र के मुख्य वक्ता आयुष पालीवाल थे, जो आईटी विभाग के वर्ष 2020 बैच के पूर्व छात्र हैं और वर्तमान में पर्सोनिफाई हेल्थ कंपनी में सीनियर डेटा इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं।

# राजस्थान प्रदेश इंटक का शपथ ग्रहण समारोह आज

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस की प्रदेश इंटक की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 15 मार्च को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा गांधी भवन जयपुर में प्रात: 11 बजे आयोजित किया जा रहा है। इंटक प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल शर्मा ने बताया कि पिछले दिनों ब्यावर में प्रदेश इंटक के 24वे महाधिवेशन मजदूर महापंचायत में प्रदेश अध्यक्ष पद पर चौथी बार जगदीश राजश्रीमाली को निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। प्रदेश आध्यक्ष जगदीश राज श्रीमाली 251 सदस्यों की कार्यकारिणी बनाई है यह सदस्य विभिन्न विभागों से जुड़े हुए हैं। शपथ ग्रहण समारोह में राजस्थान कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस गोविंद सिंह डोटासरा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास, विधायक रफीक खा, अमीन कागजी, डॉ. शिखामील बराला, जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनील शर्मा एखेलकूद प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष अमीन पठान, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सारिका सिंह सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं को आमंत्रित किया गया है।

# महात्मा गांधी स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया शुरू, 23 मार्च तक कर सकते हैं आवेदन

निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, जाखल अंग्रेजी माध्यम में नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विद्यालय के प्राचार्य राजपाल सिंह गोदारा के अनुसार कक्षा प्रथम से 12 वीं कक्षाओं तक प्रवेश के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। विद्यालय की कक्षा नर्सरी में 25 सीटें उपलब्ध हैं वही अन्य कक्षाओं में रिक्त सीटों की सूची नोटिस बोर्ड व सार्वजनिक स्थानों पर चश्पा कर दी गई हैं। कक्षा 11 व 12 में विज्ञान संकाय में गणित, जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं रसायन विज्ञान में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी क्यू आर कोड द्वारा या शाला दर्पण पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभिभावक अपने बच्चों का प्रवेश 23 मार्च तक विद्यालय में करवा सकते हैं। प्रवेश हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की सूची का प्रकाशन 24 मार्च को किया जाएगा।

रिक्त पदों से ज्यादा आवेदन होने पर लॉटरी द्वारा चयन किया जाएगा। नए सत्र का शिक्षण कार्य 1 अप्रेल 2026 से शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय में स्कूल कार्यालय में संपर्क करना होगा। प्रवेश प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विद्यालय स्टाफ द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि अभिभावकों और विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। विद्यालय प्रशासन ने क्षेत्र के अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों का समय पर प्रवेश करवाकर उन्हें बेहतर शिक्षा का अवसर प्रदान करें।

# स्वच्छता को बनाएं जीवनशैली का हिस्सा : सहारण

निसं



**चूरू (नवयत्न)।** राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को चूरू रोडवेज बस स्टैंड से स्वच्छता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, सीईओ श्वेता कोचर, बसंत शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारियों और आमजन ने शिरकत कर श्रमदान किया और स्वच्छता का संदेश दिया। चूरू विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि हमारी जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। प्रत्येक नागरिक अपने घर और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने का संकल्प ले और परिवेश को स्वच्छ और सुंदर बनाए। उन्होंने आमजन से स्वच्छता सप्ताह के दौरान आयोजित गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। इस अवसर पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार राजस्थान दिवस अब चैत्र प्रतिपदा को मनाया जाएगा। राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में समाज के सभी वर्गों को जोड़ने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और इसकी शुरुआत स्वच्छता अभियान से की गई है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ समाज की नींव होता है और इसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि सफाई एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और इसमें आमजन की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने बताया कि 19, 20 और 21 मार्च को चूरू उत्सव के तहत विभिन्न आयोजन किए जाएंगे, जिनमें आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान राजसखी मेला, ओडीओपी मेला तथा पंच गौरव प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। इस मौके पर बसंत शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार स्वच्छता और जनजागरूकता पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए स्वच्छता के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। नगर परिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों तथा जनप्रतिनिधियों ने स्वच्छता की शपथ लेते हुए अपने घरए मोहल्ले और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व उप जिला प्रमुख महेंद्र न्यौल, आयुक्त अभिलाषा सिंह, विक्रम कोटवाद, अभिषेक चोटिया, सीपी शर्मा, सुरेश सारस्वत, धर्मेंद्र राकसिया, दीनदयाल सैनी, पूर्णिमा यादव, सुदीप शर्मा, सुनील सोनी, इरफान खान, नरेंद्र कंवल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। संचालन सुरेश सारस्वत ने किया।

# आईओसी पाइपलाइन से तेल चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह को पकड़ा

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप एसओजी ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड आईओसीएल की पाइपलाइन से पेट्रोलियम पदार्थ चोरी करने वाले एक सक्रिय अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। एसओजी ने इस मामले में मुख्य सरगना सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक तकनीकी विशेषज्ञ अभी फरार है। पूरी कार्रवाई अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एसओजी विशाल बंसल के निर्देशन में की गई। एडीजी विशाल बंसल ने बताया कि यह वारदात पाली जिले के सेन्दड़ा थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव में अगस्त 2023 में अंजाम दी गई थी। आरोपियों ने ब्यावर-रामगढ़ क्षेत्र से गुजर रही केजेपीपीएल पाइपलाइन को पंक्चर कर उसमें अवैध रूप से वाल्व लगा दिया था। इस संबंध में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंधक शेर सिंह चौहान ने 5 अगस्त 2023 को सेन्दड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पाइपलाइन में ज्वलनशील पेट्रोलियम पदार्थ होने के कारण बड़ी दुर्घटना या आग लगने का खतरा भी बना हुआ था, जिससे मामला बेहद गंभीर माना गया। पूछताछ में सामने आया कि गिरोह का सरगना जितेन्द्र सिंह उर्फ जीतू महाराज ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस चोरी की योजना बनाई थी। चूंकि हाई-प्रेशर पाइपलाइन को पंक्चर करने का तकनीकी ज्ञान इनके पास नहीं था, इसलिए उन्होंने अहमदाबाद गुजरात निवासी पंकज वाघेला को लाखों रुपये का लालच देकर बुलाया। वाघेला ने जनरेटर और अन्य उपकरणों की मदद से लक्ष्मण सिंह रावत के खेत में गुजर रही पाइपलाइन को पंक्चर कर उस पर वाल्व वेल्ड कर दिया, जिससे चोरी करना आसान हो गया। आरोपियों ने चोरी को छिपाने के लिए वाल्व के चारों ओर मिट्टी के कट्टे भरकर उसे दबा दिया और ऊपर से ट्रैक्टर से जुताई कर दी, ताकि किसी को शक न हो। एक रात जब आरोपी टैंकर लेकर तेल निकालने पहुंचे तो पाइपलाइन में बहाव कम होने के कारण अधिक मात्रा में तेल नहीं निकाल पाए। वापसी के दौरान उनका टैंकर खेत की दलदली जमीन में फंस गया। टैंकर को ट्रैक्टरों की मदद से निकालते समय खेत की सतह पर आए बदलाव और ढ़ीली मिट्टी को देखकर आईओसी की गश्त टीम को संदेह हुआ, जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हो गया। एसओजी ने इस मामले में जितेन्द्र सिंह उर्फ जीतू महाराज 31 निवासी निचला बाड़िया, देवेन्द्र सिंह 32 निवासी रामगढ़ सेडोतान, प्रताप शेर सिंह उर्फ शेरू 36 निवासी केसरपुरा, प्रेम सिंह 48 निवासी केसरपुरा को गिरफ्तार किया है और इस मामले में अहमदाबाद निवासी तकनीकी विशेषज्ञ पंकज वाघेला फिलहाल फरार है। एसओजी उसकी तलाश में जुटी हुई है। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों और इस तरह की संभावित वारदातों के नेटवर्क की भी जांच कर रही है।

# लोक अदालत में 67 प्रकरणों का हुआ निस्तारण



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** अपर जिला एवं सेशन न्यायधीश संतोष कुमार मीणा की अध्यक्षता में न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। एडीजे संतोष कुमार मीणा ने बताया कि उक्त लोक अदालत में न्यायालय में लंबित प्रकरणों में दांडिक शमनीय के 15 प्रकरणों, 138 एन. आई. एक्ट के 03 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिनमें 28,490 रूपये की वसूली हुई, वैवाहिक मामलों के 02 प्रकरणों, भरण पोषण के 23 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिनमें 2,93,500 रूपये की वसूली हुई, सिविल व धन वसुली मामलों के 07 प्रकरणों का निस्तारण किया गया, एमएसिटी के 7 प्रकरणों में कुल राशि 49,80,000 के पंचाट पारित किये गये। बैंक तथा बीएसएनएल के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में 10 प्रकरणों का निस्तारण किया गया, जिनमें 14,98,000 रूपये की वसूली हुई। इस प्रकार उक्त लोक अदालत में कुल 67 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिनमें 67,99,99 रूपये की वसूली हुई। लोक अदालत में सदस्य के रूप में एडवोकेट जितेन्द्र सिंह राठौड़ का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर अपर लोक अभियोजक पंकज कुमार स्वामी, बार संघ अध्यक्ष प्रभुदयाल सहारण, एडवोकेट निर्मल कुमार प्रजापत, जयंत यादव, साजिद खान, विकास सिहाग, ओमप्रकाश सहारण, ललित देव, विकास सोनी, न्यायालय के कर्मचारी सुरेश कुमार, घनश्याम शर्मा, मुकेश पूनिया, कैलाश सिंह, टीकूराम बाकोलिया सहित बैंक कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# जयपुर पुलिस कमिश्नर ने जनसुनवाई कर परिवादियों को दी राहत

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने शनिवार को भांकरोटा थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अपराध मनीष अग्रवाल, पुलिस उपायुक्त पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार गुप्ता एवं सहायक पुलिस आयुक्त बगरू हेमेन्द्र शर्मा व संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारी उपस्थित रहे। कमिश्नर सचिन मित्तल ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान कई परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि आमजन को राहत देने के लिए थाना स्तर में प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र में आपसी मुकदमें, पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, मकानों पर कब्जे, अवैध कब्जे, चोरी, मारपीट सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने सभी शिकायतों की जांच कर कम से कम समय में निश्चित समयावधि में निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबधित अधिकारियों को परिवादियों की समस्याओं का तुरंत रिस्पॉन्स देने और निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान बगरू, सेज, भांकरोटा एवं बिंदायका पुलिस थाना क्षेत्र के परिवादियों ने अपनी समस्याएं पुलिस कमिश्नर को बताकर समाधान पाया। जनसुनवाई की खास बात यह रही कि परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जाता है। समय लगने वाली अन्य समस्याओं के जल्द समाधान के लिए भी निर्देश दिया जाता है। गौरतलब है कि इससे पूर्व पुलिस कमिश्नर द्वारा एसीपी कार्यालय झोटवाड़ा, सामुदायिक भवन सांगानेर, पुलिस थाना शिप्रापथ एवं विद्याधरनगर में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा चुका है।

## झुंझुनू स्वर्णकार समाज सेवा समिति सदस्य कोटड़ी मेले में देंगे सेवाएं

निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** सावित्री शक्तिपीठ का दो दिवसीय मेला 16 मार्च से शुरू हुआ। समिति के शिवकुमार तूणगर ने बताया कि मंगलपाठ प्रचार समिति द्वारा 20 वीं डाक ध्वजा पदयात्रा निकाली जाएगी जो कोटड़ी धाम के शिव मन्दिर, सावित्री सदन, सर्प दंश स्थलों कि परिक्रमा करते हुए मंदिर पहुंचेगी। सुबह सवा 9 बजे महिलाओं द्वारा गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी जो मुख्य मार्गों से होते हुए मंदिर स्थल पहुंचेगी। सवा11 बजे दीप प्रज्वलन के साथ गणेश वंदना होगी। मैया के दरबार में छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी। सवा दो बजे सुभाष कुलथिया व विजय ओझा द्वारा मंगलपाठ किया जाएगा।

रात्रि साढ़े 9 बजे से जागरण होगा जिसमें अनेक स्थानों से आए कलाकार भजनों की प्रस्तुतियां देंगे।

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** यश्वी संजीवनी हेल्थकेयर एंड एजुकेशन सोसायटी एवं संजीवनी हॉस्पिटल, तारानगर के संयुक्त तत्वावधान में संजीवनी हॉस्पिटल तारानगर में शनिवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अनेक युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। संजीवनी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा व डॉ. भावना शर्मा ने रक्तदाताओं का आभार जताते हुए उनका सम्मान किया। सोनी ब्लड सेंटर, राजगढ़ की टीम ने रक्त संग्रह किया। इस अवसर पर संजीवनी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा, डॉ. भावना शर्मा, भगवती प्रसाद शर्मा, प्रवीण शर्मा, कुलदीप शर्मा सहित महेन्द्र सुथार, डिम्पल, रोहित शर्मा, सतीश छिम्प्पा, विकास जांगिड़, संतोष सुथार, पवन कुमार सैनी, विजेन्द्र सहारण, अब्दुल आदि मौजूद रहे। डॉ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया अब से प्रत्येक महीने की एक तारीख को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। तारानगर में एकमात्र ब्लड स्टोरेज सेंटर होने के कारण युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए ताकि आवश्यक व्यक्ति को समय पर रक्त मिलकर जीवनदान मिल सके।

# पारम्परिक गीतों के साथ धूमधाम से मनाया जा रहा गणगौर महोत्सव

निसं



**नोखा (नवयत्न)।** कस्बे में होली के बाद से ही गणगौर त्यौहार की रौनक चंहुओर छाने लगी है। गणगौर विसर्जन का समय ज्यों-ज्यो नजदीक आ रहा है त्यों-त्यों गोर पूजन भी परवान चढ़ने लगा है। नव विवाहिता घरों में सुबह-शाम घरों में गणगौर के गीत गा रही है।

बिंदोरा निकालने की परंपरा निभाई जा रही है। नव विवाहिताओं के अलावा युवतियों में गणगौर के प्रति पूजन का बहुत उत्साह देखने को मिल रहा है। युवतियां सज धज कर गवर व ईश्वर को सजाकर अपने साथ लेकर घरों में जाकर बिंदोरा निकाल रही है तो साथ ही खेलन दो गणगोर, भंवर महान पूजन दो गणगोर व गवर ऐ गणगौर माता खोल ऐ किवाड़ी, बाहर उबी थान पूजन वाली पारम्परिक गीतों से गणगौर को रिझा रही है। इस अवसर पर वार्ड 29 में संतोषी चौक में राठी निवास पर ग्रुप की मोनिका राठी, राजा कोठरी, वर्षा पारीक, अंकिता राठी, अनुश्री महेश्वरी, अंजली चांडक, प्रिया झंवर, राधिका राठी, शिवानी चांडक, राधिका चांडक, खुशी राठी, खुशबू राठी, खुशबू पारीक, ज्योती पंचारिया, ऐश्वर्या चांडक, निशा जोशी, पूजा महेश्वरी, लक्ष्मी जोशी, देवांशी कोठरी सहित मोहल्ले की बालिकाएं व महिलाये उपस्थित रही।

# 19, 20 व 21 मार्च को चूरू जिला मुख्यालय पर आयोजित होगा चूरू महोत्सव

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिला प्रशासन स्तर से लिए गए निर्णय के अनुसार राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर चूरू जिले की विशिष्ट पहचान श्पंच गौरव संग चूरू महोत्सव-2026 का अयोजन 19 से 21 मार्च, 2026 तक बागला खेल मैदान चूरू में किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 19 मार्च, 2026 को सवेरे 07:30 बजे गढ़ परिसर से विरासत कार्निवल यात्रा शोभायात्रा के साथ चूरू महोत्सव का शुभारंभ होगा। चूरू महोत्सव 02 सत्रों में आयोजित होगा। प्रात: कालीन सत्र में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे मिसमिस्टर मिसेज चूरू प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता एकल व समूह, स्पॉट शॉर्ट वीडियोध्रील प्रतियोगिता, पारम्परिक परिधान प्रतियोगिता, ऊंट सजावट प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता, कविता पाठ प्रतियोगिता, लोक गीत प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, साफा बांधना प्रतियोगिता, वादन प्रतियोगिता, स्पॉट पेटिंग प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, चंग-ढ़प प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में भागीदारी के लिए आमजन जारी लिंक पर विजिट कर अपना पंजीयन कर सकते है। इसी के साथ सायंकालीन सत्र में 19 मार्च को सायं 6:15 बजे से शमा फोक म्यूजिक बैंड जैसलमेर द्वारा राजस्थान लोक संगीत, विश्व प्रसिद्ध ट्रम्पैट प्लेयर आमिर बिहाणी, क्रेजी हॉपर्स व बॉलीवुड सूफी फ्यूजन रॉक बैंड आदि सांसकृतिक प्रस्तुतियां देंगे। इसी क्रम में 20 मार्च को सायं 6:15 से चूरू की स्वर कोकिला कोक स्टूडियो फ्रेम भंवरी देवी व डिवाइन लाइव कन्सर्ट की प्रस्तुतियां होगी तथा 21 मार्च, 2026 को सायं 06:15 बजे से राजस्थानी लोक गायिका मरू कोकिला सीमा मीश्रा द्वारा शानदार प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसी के साथ 17 मार्च, 2026 से बागला खेल मैदान के सामने स्थित चूरू चौपाटी में एक जिला-एक उत्पाद मेला व राजसखी मेले का भी आयोजन किया जाएगा।

# आप ने कसी चुनावी कमर, प्रदेश में 10 हजार सभाएं करने की योजना

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** आम आदमी पार्टी राजस्थान के प्रभारी धीरज टोकस और नवनियुक्त सह प्रभारियों के नेतृत्व में शनिवार को जयपुर स्थित पिंक सिटी प्रेस क्लब में पार्टी की राज्य स्तरीय पदाधिकारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश, जिला तथा अग्रिम संगठनों के पदाधिकारियों के साथ राज्य में संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में पार्टी नेतृत्व ने निर्णय लिया कि प्रदेश में संगठन विस्तार के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा।

प्रभारी धीरज टोकस ने बताया कि प्रत्येक सह प्रभारी को 20-20 विधानसभा क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने और नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ महीनों में पूरे प्रदेश में 10 हजार से अधिक सभाएं आयोजित कर पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जनता तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि पार्टी प्रदेश में होने वाले सभी निकाय चुनावों को पूरी ताकत के साथ लड़ेगी। साथ ही आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर भी रणनीति बनाई गई और पार्टी ने राजस्थान की सभी 200 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है।

पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन विस्तार और जनसंपर्क अभियान के माध्यम से प्रदेश में पार्टी को मजबूत किया जाएगा तथा जनता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान को लेकर जिला कार्यशाला आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर (नवयत्न)।** भाजपा में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की जिला कार्यशाला जिला भाजपा कार्यालय में शनिवार को आयोजित हुई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच रहे व अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने की। इस दौरान पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, धोद विधायक गोरधन वर्मा, खंडेला विधायक सुभाष मील, पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रा चौधरी, गजानंद कुमावत, बाबुलाल यादव, निकिता राठौड़, दुर्गा हटवाल आदि मंचस्थ रहे। संचालन जिला महामंत्री राजेश रोलन ने किया। कार्यशाला में बोलते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान वैचारिक रूप से कार्यकर्ताओं को मजबूत करते हुए पार्टी के साथ जोडने का काम करता है। कहा कि प्रशिक्षण आपसी मेलजोल बढ़ाने, पार्टी की रीति नीति जानने, संगठन के कार्यों एवं दायित्वों को समझने के लिए आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा में मेहनती, अनुभवी, कर्मठ कार्यकर्ता हैं, ऐसे कार्यकर्ता अन्य किसी भी संगठन में नहीं है। कहा कि भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता संगठन के कार्यों में बढ़चढ़कर हिस्सा लेते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रशिक्षण वर्ग में भाग लेने का आव्हान किया। पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि पार्टी प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित करती है जिसमें कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक कार्यों के लिए विभिन्न तरह से प्रशिक्षण दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यशालाओं में भाग लेना सभी का कर्तव्य है। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान में हिस्सा लेगा। धोद विधायक गोरधन वर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण महाअभियान में भाग लेकर संगठन के कार्यों को अधिक तीव्र गति से संपूर्ण किया जा सकता है। कहा कि केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार जनहित के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कर रही है। कांग्रेस केवल भ्रम फैलाकर लोगों को गुमराह कर रही है। खंडेला विधायक सुभाष मील ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में आमजन को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार लगातार आमजन से जुड़ी सुविधाओं को पूर्ण करने के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। कार्यशाला को मंचस्थ वक्ताओं ने भी संबोधित करते हुए प्रशिक्षण महाअभियान में हिस्सा लेने का आव्हान किया। जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर ने बताया कि इस दौरान राजेश रोलन, पूर्णमल गुर्जर, रामावतार रूंथला, बनवारीलाल यादव, नेमीचंद कुमावत, रमेश जलधारी, जितेंद्र सिंह कारंगा, डॉ. अर्चना पुरोहित, प्रभुसिंह सेवद, श्रीहरि बियाणी, अनिता शर्मा, स्वदेश शर्मा, महेश वर्मा, मुस्ताक खान, करण सिंह, मनोहर सैनी, फूलचंद कुमावत, बलदेव सिंह खंडेला, अनुराधा, शारदा काबरा, वीना वर्मा, भंवर प्रकाश शर्मा, फूलचंद बाजिया, राजकुमार महला, गोविंदराम बिजारणियां, विष्णु काबरा आदि मौजूद रहे।

## रेंजर्स को दी महिला सुरक्षा की जानकारी



हर्ष सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** पुलिस अधीक्षक झुंझुनू के आदेशानुसार सुरक्षा सखी पखवाड़े अभियान के दौरान निर्भया स्क्वाड टीम के द्वारा स्काउट गाइड की बालिकाओ/रेंजर्स को राज कॉप सिटीजन ऐप डाउनलोड करवाया गया व नये कानून और गरिमा महिला हेल्पलाइन नंबर, चाइल्ड सुरक्षा, यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान सीओ स्काउट महेश कालावत, मान महेंद्र सिंह भाटी, विक्की कुमार, विजय गर्वा, सौरव केडिया, दिनेश कुमार, रामानंद आजाद सहित रोवर्स रेंजर्स उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ



निसं

**नोखा (नवयत्न)।** पीएमश्री बाबा छोटूनाथ जी राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय नोखा में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ शाला प्रधानाचार्य नारायण दत्त ने दीप प्रज्जवलन करके किया। कार्यक्रम प्रभारी मनोज प्रजापत ने बताया कि यह शिविर सात दिनों तक विद्यालय परिसर व गवारिया बस्ती में आयोजित किया जायेगा व इस शिविर की रूपरेखा सभी के समक्ष प्रस्तुत की। इस शिविर की थीम मेरा युवा भारत एवं डिजीटल साक्षरता के लिए युवा रहेगी। सह प्रभारी सुरेश डेलू ने संवयसेवकों को विभिन्न दलों में विभाजित किया और सब दलों में विभिन्न कार्यक्रमों को बाँटा गया। प्रथम सत्र में स्वंयसेवकों ने प्रार्थना, योगाभ्यास व एनएसएस कक्ष की सफाई की व उपकरणों को व्यवस्थित किया। दोपहर में भोजन के पश्चात द्वितीय सत्र में स्वंयसेवकों ने विद्यालय परिसर के मुख्य भवन आगे के श्रमदान का कार्य किया। शाम के समय मनोरंजक गतिविधियाँ आयोजित की गई। इस अवसर पर राकेश लीलड़, महेंद्र कुमार, नरेंद्र एवं समस्त विद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहा।

## गैस कीमतों और महंगाई के विरोध में धरना-प्रदर्शन आज

संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** केन्द्र सरकार द्वारा रसोई गैस के दामों में लगातार बढ़ोतरी और बढ़ती महंगाई के विरोध में रविवारए 15 मार्च को झुंझुनू विधानसभा क्षेत्र में धरना-प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गिडानिया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी झुंझुनू और नगर कांग्रेस कमेटी सुल्ताना द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम सुबह 10 बजे से नगर पालिका कार्यालय सुल्ताना के सामने शुरू होगा। इस दौरान केन्द्र सरकार की नीतियों के विरोध में धरना दिया जाएगा तथा पुतला दहन कर विरोध जताया जाएगा।

कार्यक्रम में झुंझुनू विधानसभा क्षेत्र के दोनों ब्लॉक कार्यकारिणी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी, निवर्तमान जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और आमजन से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई है। गीडानिया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुमेर सिंहए झुंझुनू ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजमत अली और सुल्ताना कांग्रेस नगर अध्यक्ष पवन गाडिया ने कहा कि बढ़ती महंगाई और रसोई गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि से आम जनता परेशान है। उन्होंने कार्यकर्ताओं और आमजन से कार्यक्रम में शामिल होकर जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करने का आह्वान किया है।

## सैकड़ों श्रद्धालुओं की भागीदारी से निकली भव्य मंगल कलश यात्रा



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के उपलक्ष्य में शनिवार को कोटा में भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शहरवासियों को आगामी श्रीमद्भागवत कथा में शामिल होने का आमंत्रण दिया। संस्थान के बोध प्रकल्प के अंतर्गत निकाली गई इस यात्रा का उद्देश्य समाज में नशामुक्ति का संदेश देना और लोगों को आध्यात्मिक जीवन शैली के प्रति प्रेरित करना रहा। शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए, वहीं अनेक सौभाग्यवती महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर यात्रा को दिव्य स्वरूप प्रदान किया। पूरे मार्ग में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण देखने को मिला। इस दौरान श्रद्धालुओं को बताया गया कि आध्यात्मिक ज्ञान यानी ब्रह्मज्ञान के माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर सच्ची शांति का अनुभव कर सकता है और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। संस्थान के पदाधिकारियों ने समाज में विश्व शांति, आध्यात्मिक जागृति और नशामुक्त जीवनशैली को अपनाने का आह्वान भी किया।

संस्थान की ओर से बताया गया कि 15 से 21 मार्च 2026 तक शुभम रिसॉर्ट, कोटा में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। भव्य मंगल कलश यात्रा के माध्यम से शहरवासियों तक कथा का दिव्य संदेश पहुंचाते हुए श्रद्धालुओं को इसमें भाग लेने का निमंत्रण दिया गया।

# विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय अधिवेशन में जिले से आज जाएंगे विप्रजन

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू (नवयत्न)।** रविवार को सुबह 11 बजे से तीर्थराज पुष्कर स्थित पारीक भवन में विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संयोजक सुशील ओझा की अध्यक्षता व राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा गुरुजी के आतिथ्य में होने वाले विप्र फाउंडेशन के 18वें राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने के लिए झुंझुनू जिले से पदाधिकारी विप्रजन निजी वाहनों से विप्र फाउंडेशन जिलाध्यक्ष कमल कान्त शर्मा की अगुवाई में पुष्कर जाएंगे। जिसको लेकर पीरू सिंह सर्किल स्थित खाना खजाना रेस्टोरेंट में एक बैठक मोहन बियाला की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगरपरिषद आयुक्त राजेन्द्र जोशी उपस्थित रहे। विफा के जिला संयोजक उमाशंकर महमिया ने बताया कि पुष्कर अधिवेशन में देशभर से प्रतिनिधि भाग लेंगे। महमिया ने बताया कि इसमें झुंझुनू जिले की विफा कार्यकारिणी सहित समाज के गणमान्य विप्रजन भी अधिवेशन में भाग लेने के लिए पुष्कर जाएंगे। उन्होंने बताया कि उसी दिन शाम साढ़े 4 बजे शत गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ परिसर में एक भव्य संकल्प सभा का भी आयोजन किया जाएगा। अधिवेशन में संगठन के तेजी से हो रहे विस्तार और बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए सिस्टम आधारित संचालन, संगठनात्मक अनुशासन तथा सुधारात्मक संरचना को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। इसके साथ ही सदस्यता अभियान, दायित्वयुक्त नियुक्तियों की प्रक्रिया, एक परिवार से एक ही पद का सिद्धांत तथा युवा प्रकोष्ठ की आयु सीमा जैसे विषयों के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी। अधिवेशन में जयपुर स्थित परशुराम ज्ञानपीठ तथा अरुणाचल प्रदेश के परशुराम कुंड में स्थापित की जा रही 54 फीट ऊंची पंचधातु की स्टेच्यू ऑफ स्ट्रेंथ सहित प्रमुख प्रकल्पों की पूर्णता की समय सीमा तथा मूर्ति के उद्घाटन कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श होगा। उन्होंने बताया कि यह अधिवेशन संगठन के भावी विस्तार, अनुशासन और दीर्घकालिक दिशा तय करने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। अधिवेशन के द्वितीय सत्र में यज्ञ स्थल पर संकल्प सभा आयोजित होगी, जिसमें सभी प्रतिनिधि सामूहिक रूप से 108 गायत्री मंत्र का जप करेंगे। पुष्कर जाने को लेकर तैयारी बैठक का आयोजन किया गया जिसमें विप्र समाज द्वारा होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कमल कांत शर्मा, संयोजक उमाशंकर महमिया,, संरक्षक राजेन्द्र जोशी, संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ आशा शर्मा, पूनम शर्मा, राकेश सहल सहित अनेक वक्ताओं ने समाज उत्थान, छात्रावास भवन निर्माण सहित विभिन्न बिंदुओं पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर पवन पांडे, प्रमोद चोटिया, पंडित हरिकिशन शुक्ला, मनोज व्यास, चंद्र प्रकाश शुक्ला, एड नीरज शर्मा, एड कमल शर्मा, एड कैलाश शर्मा, एड अंजू शर्मा, सुनीता रुँथला, उषा शर्मा, अनिता गौड़, विकास पुरोहित, रमेश चौमाल, अमृत जोशी, श्याम सुंदर दाधिच, अनिल चोटिया, सुनील शर्मा बिरमीवाला, चंद्र प्रकाश कौशिक, सौरभ पुरोहित, नरेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित रहे।

## एनआईए में पहली बार कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय में शनिवार को पहली बार कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्थान के माधव सिंह बघेल समिति हॉल में आयोजित हुआ, जिसमें आयुर्वेद फार्मास्यूटिकल्स और फॉर्मुलेशन डेवलपमेंट क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों से संवाद कर साक्षात्कार लिए। इस प्लेसमेंट ड्राइव में रस शास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग के अंतिम वर्ष के एमडी स्कॉलर्स ने भाग लिया। इसके साथ ही पीएचडी स्कॉलर्स और बीएएमएस इंटर्नशिप कर रहे विद्यार्थियों के लिए मॉप-अप राउंड भी आयोजित किया गया, जिससे अधिक से अधिक पात्र अभ्यर्थियों को उद्योग से जुड़ने का अवसर मिल सके। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न आयुर्वेदिक औषधि निर्माण कंपनियों के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों की योग्यता और अनुभव के आधार पर उनका साक्षात्कार लिया तथा उन्हें आयुर्वेद औषधि निर्माण, अनुसंधान और फॉर्मुलेशन डेवलपमेंट जैसे क्षेत्रों में करियर अवसरों की जानकारी दी। रस शास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनुपम श्रीवास्तव ने बताया संस्थान में आयोजित इस पहले कैंपस ड्राइव का उद्देश्य विद्यार्थियों को आयुर्वेद फार्मास्यूटिकल्स क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना तथा उद्योग और शैक्षणिक संस्थान के बीच सहयोग को और मजबूत बनाना है। संस्थान ने इसे विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के प्लेसमेंट कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

## बीजीके औद्योगिक संस्थान के रोजगार शिविर में 56 प्रशिक्षार्थियों का चयन



निसं

**मुकुंदगढ़ (नवयत्न)।** बीजीके के निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को गुजरात के साणंद स्थित एक बहुराष्ट्रीय कंपनी तथा पुणे स्थित एक अन्य कंपनी द्वारा रोजगार चयन शिविर का आयोजन किया गया।

कंपनियों के प्रतिनिधियों ने संस्थान के भूतपूर्व एवं अंतिम वर्ष में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षार्थियों की लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर चयन किया। संस्थान सचिव संदीप कुमार सिंह ने चयनित सभी प्रशिक्षार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। संस्थान प्राचार्य रजनीकांत शर्मा ने बताया कि संस्थान के 25 भूतपूर्व तथा 31 प्रशिक्षणरत प्रशिक्षार्थियों का कंपनियों के लिए चयन हुआ है। पूर्व प्रशिक्षार्थियों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र दे दिए गए, जबकि प्रशिक्षणरत प्रशिक्षार्थियों को जुलाई माह में होने वाली मुख्य परीक्षा के बाद नियुक्ति दी जाएगी। इस अवसर पर मुख्य लेखाकार गंगाधर सैनी, समूह अनुदेशक दीपेन्द्र सिंह, मनीष कुमार सैनी, अजय कुमार नायक, अरविन्द कुमार सानोदिया, मुकेश सानोदिया, प्रवीन कुमार, भरत सिंह, इरफान खान, यामसुन्दर रोहलन, त्रिपिता चौधरी सहित अन्य स्टाफसदस्य मौजूद रहे और चयनित प्रशिक्षार्थियों को बधाई दी।

## बेगूसराय में सीएम नीतीश की सुरक्षा में चूक

**बेगूसराय।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा बेगूसराय पहुंची। सभा को संबोधित कर करते हुए सीएम ने कहा, हम लोगों की सरकार आपके लिए लगातार काम कर रही है। केंद्र भी लगातार मदद कर रही है। 2005 में हृष्ठ की सरकार बनी तब से राज्य में कानून का राज है। हमारी सरकार आने से पहले पुरानी वाली सरकार ने बुरा हाल कर रखा था। शाम में लोग घर से निकलने से डरते थे। पहले शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था चौपट थी। हिंदू-मुस्लिम झगड़े होते थे। उन लोगों को काम रद्दी था। सीएम के संबोधन के दौरान कुछ महिलाएं उठकर जाने लगीं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा, 'अरे कहां भाग रहे हो हम बंद कर दें। कोई पीछे से भाग रहा है, कोई आगे से भाग रहा है। बैठिए अभी। हाथ उठाकर बताइए हम बोलें या नहीं। अब तो सब कुछ कर ही रहे हैं, फिर क्यों भाग रही हो। बैठिए और चुपचाप सुनिए।'

## अग्निवीर के तौर पर भारतीय सेना में शामिल होने के लिए पंजीकरण खुले है

निसं




**जयपुर (नवयत्न)।** अग्निवीर और रेगुलर कैडर सैनिक के तौर पर भारतीय सेना में शामिल होने के लिए पंजीकरण विंडो 01 अप्रैल 2026 तक खुली है। राजस्थान के रहने वाले युवा उम्मीदवार को सलाह दी जाती है की भारतीय सेना में भर्ती के लिए जल्द से जल्द अपना पंजीकरण कराए और अग्निवीर तथा रेगुलर कैडर सैनिक के तौर पर गर्व के साथ देश की सेवा करने की दिशा में अपना पहला कदम बढ़ाए। जन संपर्क अधिकारी रक्षा राजस्थान ले कर्नल निखिल धवन के अनुसार उम्मीदवार अग्निवीर सामान्य ड्यूटी अग्निवीर तकनीकी अग्निवीर लिपिक/स्टोर कीपर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेडसमैन 10वी पास, अग्निवीर ट्रेडसमैन 8वी पास श्रेणियों के साथ साथ जेसीओध्ओआर रैंक के लिए धार्मिक शिक्षक जूनियर कमीशन अधिकारी, हवालदार शिक्षा, सिपाही फार्मा और सैनिक तकनीकी नर्सिंग अस्सिस्टेंटध् नर्सिंग अस्सिस्टेंट वेटनरी के लिए भी आवेदन कर सकते है। महिला उम्मीदवार अग्निवीर सामान्य ड्यूटी महिला सेना पुलिस के लिए आवेदन कर सकती है। भर्ती वर्ष 2027 के लिए पंजीकरण ज्वाइन इंडियन आर्मी वेबसाइट पर 01 अप्रैल 2026 तक की जा सकती है।

विस्तृत जानकारी और सहायता के लिए, उम्मीदवारों से अनुरोध है की वे अपने सेना भर्ती कार्यालय से संपर्क करें, जिनके संपर्क विवरण और पते भारतीय सेना के वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

## घरेलू गैस आपूर्ति के संबंध कंट्रोल रूम पर प्राप्त शिकायतों का हो रहा त्वरित समाधान

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिले में घरेलू गैस आपूर्ति सुचारू है व किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था नहीं है। घरेलू गैस आपूर्ति से संबंधित शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जा रही है। प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान की जा रही है। डीएसओ अंशु तिवाड़ी ने बताया कि इस संदर्भ में जिले में स्थापित कंट्रोल रूम दूरभाष नंबर 01562- 250927 पर अब तक कुल 70 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 50 से अधिक का निस्तारण किया जा चुका है, जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि घरेलू गैस आपूर्ति से संबंधित किसी भी समस्या, शिकायत या जानकारी के लिए वे हेल्पलाइन नंबर 181, 112, 14435 तथा जिला कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 01562-250927 पर संपर्क कर सकते हैं।

## एसएचजी महिलाओं को मिला गुणवत्ता प्रबंधन का प्रशिक्षण

निसं



**लाडनूं (नवयत्न)।** एसएचजी महिलाओं का तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण शनिवार को क्यूएक्यूसी कार्यक्रम आयोजन नानूराम ब्लॉक प्रोजेक्ट मेनेजर के मुख्य आतिथ्य में समन्न हुआ। परिवर्तन संस्था सचिव भरत राज योगी ने बताया कि लाडनूं ब्लॉक में राइजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस पहल के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अलग अलग स्वयं सहायता ग्रुप से तीस महिलाओं ने ट्रेनिंग में भाग लिया। यह कार्यक्रम आयुक्त उद्योग, वाणिज्य एवं विभाग द्वारा संचालित किया गया।

जिसका उद्देश्य स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों को गुणवत्ता प्रबंधन में दक्ष बनाना है। इस प्रशिक्षण में लाडनूं ब्लॉक के तीस एसएचजी समूहों की महिला सदस्य शामिल हुईं।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को उत्पाद की गुणवत्ता सुधार, बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और आय सृजन के तरीकों पर प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण काल में नौरंग दास स्वामी और ममता, राजकुमारी, मंजू, सहित अन्य ग्रामीण और महिला समूहों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। यह प्रशिक्षण एसएचजी महिला उद्यमियों को उत्पाद गुणवत्ता सुनिश्चित करने, बाजार में बेहतर स्थान बनाने और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस अवसर पर ट्रेनर किरण ने बताया कि महिलाओं को स्वयं के लघु एवँ कुटीर उधोग को विकसित करके बाजार में उच्च मूल्य में बेच करके मुनाफा कमा सकती है। महिला सदस्य ममता ने बताया कि अलग अलग स्वयं सहायता ग्रुप की महिलाओं को फील्ड की विजीट करवाते हुए जानकारी प्रदान की गई।

## सम्पादकीय

# विपक्ष का राजनीतिक दीवालियापन, खबरों में आने की बेतुकी कोशिश



लोकसभा स्पीकर के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव में मिली पराजय के बाद विपक्ष ने जिस तरह मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने का नोटिस दिया, वह उसके राजनीतिक और साथ ही बौद्धिक दीवालिएपन का ही परिचायक है। यह लगभग तय है कि संख्याबल के अभाव और मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की जटिल एवं लंबी प्रक्रिया के चलते विपक्ष की यह पहल सफल नहीं होने वाली, फिर भी यदि वह ऐसा कर रहा है तो जाहिर है कि खबरों में आने और यह शोर मचाने के लिए कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के जरिये उसके साथ अन्याय हो रहा है।

ऐसा ही शोर बिहार में एसआईआर के समय मचाया गया था, पर सब जानते हैं कि चुनावों में विपक्ष को बुरी पराजय का सामना करना पड़ा। इसकी भी अनदेखी न की जाए कि सुप्रीम कोर्ट न जाने कितनी बार कह चुका है कि एसआईआर कराना चुनाव आयोग का अधिकार है और वह इस प्रक्रिया में कोई दखल नहीं देने वाला। जिस तृणमूल कांग्रेस को एसआईआर पर सबसे अधिक आपत्ति है और जिसकी पहल पर मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने का नोटिस दिया गया, उसे सुप्रीम कोर्ट से केवल निराशा ही हाथ नहीं लगी है, बल्कि उसकी फटकार का भी सामना करना पड़ा है।

लगता है तृणमूल कांग्रेस इससे खीझी है कि एसआईआर पर बंगाल प्रशासन की अड़ंगेबाजी को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रक्रिया की निगरानी न्यायिक अधिकारियों को सौंप दी है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला बंगाल प्रशासन की निष्ठा पर सवाल खड़े करने वाला ही है। यह भी ध्यान रहे कि सुप्रीम कोर्ट बंगाल में एसआईआर को लेकर और सुनवाई करने के मूड में नहीं है। इसका अर्थ है कि वहां जारी एसआईआर में कोई गड़बड़ी नहीं। यदि इसके बाद भी तृणमूल कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल यह सोच रहे हैं कि मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की उनकी कोशिश उन्हें कोई बड़ा राजनीतिक लाभ प्रदान करेगी और वे देश की जनता का ध्यान खींचने में सफल हो जाएंगे तो यह एक तरह का दिवास्वप्न ही है। यदि विपक्ष की यह योजना है कि मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाए जाने की आवश्यकता को रेखांकित कर वह चुनाव आयोग को लांछित करने में सफल हो जाएगा तो इसे भी उसकी एक गैर जरूरी राजनीतिक कवायद ही कहा जाएगा, क्योंकि सब जानते हैं कि हाल के वर्षों में आयोग के प्रति न केवल देश के लोगों का भरोसा बढ़ा है, बल्कि उसने अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा भी हासिल की है। झूठे आरोपों के सहारे एक संवैधानिक संस्था को बदनाम करना राजनीतिक आत्मघात के अलावा और कुछ नहीं, क्योंकि तृणमूल कांग्रेस समेत जो कई विपक्षी दल चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली से संतुष्ट नहीं, वे इसी आयोग की ओर से कराए गए चुनावों के जरिये ही सत्ता में हैं।

## विशेष आलेख

# सवालों के घेरे में सिविल सेवा परीक्षा, रिजल्ट पर स्पष्टता के अभाव का असर




देश के सर्वोच्च प्रशासनिक ढांचे के लिए अफसरों की भर्ती करने वाली संस्था यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा के हालिया परिणामों ने पिछले वर्षों की तुलना में अधिक हलचल पैदा की है। पहले दो दिनों तक सफल उम्मीदवारों में एक ही नाम की दो आकांक्षा सिंह को लेकर खबरें चर्चा में रहीं। इस मामले की जांच के बीच एक अन्य अभ्यर्थी ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।

उन्हें 2024 में सामान्य वर्ग से भारतीय पुलिस सेवा मिली थी, पर 2025 में उन्होंने अपना वर्ग सामान्य के बजाय ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) घोषित कर दिया। आइपीएस बनने के बाद ऐसा कैसे संभव है? पिछले पांच वर्षों में ऐसे कई मामले यूपीएससी, अदालतों और कार्मिक मंत्रालय के सामने आ चुके हैं। कहीं न कहीं नियमों में लचीलेपन, स्पष्टता का अभाव और स्थानीय प्रशासन में भ्रष्टाचार के कारण ऐसी स्थितियां पैदा हो रही हैं। तीन वर्ष पहले महाराष्ट्र की पूजा खेडकर का मामला भी सामने आया था, जिसमें आरोप लगा कि उन्होंने कई नियमों की अनदेखी करते हुए आइएएस सेवा प्राप्त की। फर्जी एससी-एसटी प्रमाणपत्रों से जुड़े भी अनेक मामले यूपीएससी के सामने आ चुके हैं। यही कारण है कि हाल में यूपीएससी ने इन गड़बड़ियों को ध्यान में रखते हुए आवेदन प्रक्रिया में कुछ महत्वपूर्ण संशोधन किए हैं, ताकि भविष्य में ऐसी अनियमितताओं को रोका जा सके। इस बार के परीक्षा परिणाम में एक और तथ्य ने ध्यान खींचा। वह है आदिवासी कोटे में 73 में से एक जनजाति के करीब 30 प्रतिशत अभ्यर्थियों का चयन।

ऐसे छात्र, जो दिल्ली जैसे महानगरों में पैदा हुए, आधुनिक सुविधाओं के बीच पले-बढ़े और अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में पढ़े, यदि आदिवासी कोटे का लाभ ले रहे हैं तो क्या वे उन सैकड़ों जरूरतमंद आदिवासियों का हक नहीं छीन रहे, जिनके लिए यह व्यवस्था बनाई गई है। इस बार भी अंग्रेजी और भारतीय भाषाओं के बीच असमानता का प्रश्न उतना ही महत्वपूर्ण बना हुआ है। भारतीय भाषाओं के माध्यम से परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों का चयन मुश्किल से पांच प्रतिशत तक ही सीमित क्यों रह जाता है, जबकि लगभग 95 प्रतिशत चयन अंग्रेजी माध्यम के उम्मीदवारों का होता है?

इस बार इंटरव्यू के अंकों को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। सिविल सेवा परीक्षा की मुख्य लिखित परीक्षा 1,750 अंकों की होती है, जबकि इंटरव्यू के लिए 275 अंक निर्धारित हैं। इस बार के परिणामों के आंकड़े बताते हैं कि लिखित परीक्षा में टापर्स सहित किसी के भी 50 प्रतिशत से अधिक अंक नहीं आए, लेकिन इंटरव्यू में 65 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों की संख्या पिछले वर्षों की तुलना में कई गुना अधिक है। 275 में से 200 या उससे अधिक अंक पाने वाले उम्मीदवारों की संख्या काफी अधिक है। जिस परीक्षा में एक-एक अंक उम्मीदवारों के भविष्य का निर्धारण करता हो, वहां यूपीएससी के इस प्रकार के परिणाम स्वाभाविक रूप से कई गंभीर प्रश्न खड़े करते हैं। इस बार का टापर उम्मीदवार एमबीबीएस डाक्टर है। प्रश्न है कि ऐसे डाक्टर लगातार सिविल सेवाओं की ओर आकर्षित क्यों हो रहे हैं, जबकि विश्व के कई देशों की तुलना में भारत में प्रति व्यक्ति डाक्टरों की उपलब्धता अभी भी बहुत कम है। पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं न होने के कारण देश की एक बड़ी आबादी की कार्यक्षमता प्रभावित होती है और वह राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में पूरी तरह भागीदारी नहीं कर पाती। इसी तरह आइआइटी जैसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों से पढ़े हुए छात्र भी पिछले लगभग दो दशकों से बड़ी संख्या में सिविल सेवाओं की ओर रुख कर रहे हैं।

दुर्भाग्य की बात यह भी है कि कठिन प्रतियोगी परीक्षा पास कर आइआइटी जैसे संस्थानों में प्रवेश पाने वाले अनेक छात्र सिविल सेवा परीक्षा में अपने मूल विषय इंजीनियरिंग को वैकल्पिक विषय के रूप में नहीं चुनते। इनमें से लगभग 80 प्रतिशत एंथ्रोपोलाजी, राजनीतिक विज्ञान, समाजशास्त्र जैसे विषयों को चुनते हैं। कई बार वे संस्कृत, मैथिली या अन्य भारतीय भाषाओं को भी वैकल्पिक विषय के रूप में लेते हैं। यह प्रवृत्ति सिविल सेवा परीक्षा की संरचना और विषय चयन की प्रकृति को लेकर भी कई प्रश्न खड़े करती है। ये सभी प्रश्न नए नहीं हैं, लेकिन अब उन्होंने विकराल रूप धारण कर लिया है।

किसी भी जीवंत समाज के लिए प्रश्न उठाना और उन पर गंभीर चर्चा करना आवश्यक होता है। यह देश के शासन और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि इन प्रश्नों के हल के लिए ठोस पहल करे। बेहतर होगा कि 1979 में गठित दौलत सिंह कोठारी समिति द्वारा तैयार प्रशासनिक सेवाओं के ढांचे की व्यापक समीक्षा की जाए। उस समिति की सिफारिशों के आधार पर तैयार की गई व्यवस्था आज भी कुछ परिवर्तनों के साथ लागू है, इसलिए समय की आवश्यकताओं के अनुसार उसका पुनर्मूल्यांकन किया जाए। एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह भी है कि सफल उम्मीदवारों में कार्य के प्रति निष्ठा, सादगी, ईमानदारी और सच्चे जनसेवक बनने की भावना कैसे विकसित की जाए। यह कार्य आसान नहीं है, फिर भी यूपीएससी की प्रतिष्ठा और प्रशासनिक व्यवस्था की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है।

# अनिद्रा की महामारी

भारतीय जन-जीवन में तेजी से घर करती डिजिटल जीवन शैली ने युवाओं की नींद को बुरी तरह प्रभावित किया है। जिसके चलते उनमें आक्रामकता, अवसाद व आत्महत्या की प्रवृत्ति विकसित हो रही है। देश-दुनिया में समय-समय पर आने वाले विभिन्न सर्वेक्षण इस संकट की ओर इशारा कर रहे हैं। लेकिन देश में किशोरों का स्क्रीन टाइम घातक ढंग से बढ़ रहा है। आमतौर पर चिकित्सा विशेषज्ञ मानते हैं कि किशोरों की सेहत के लिये आठ घंटे की नींद जरूरी होती है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञ आठ घंटे के बजाय सात-छह घंटे की नींद को भी पर्याप्त मानते हैं, बशर्ते उसमें बीच में किसी तरह का व्यवधान न हो। लेकिन बिना किसी जरूरी काम के कथित सोशल मीडिया पर सक्रिय रहना आज के दौर में फैशन सा बन गया है। अमेरिका समेत कई पश्चिमी देशों में हुए हालिया शोध बताते हैं कि रात में जल्दी सोने व सुबह जल्दी उठने से बेहतर स्वास्थ्य बनता है। यह भारतीय जीवन दर्शन की अपरिहार्य धारणा भी रही है। लेकिन देश में पहले टीवी और अब मोबाइल फोन के अनियंत्रित उपयोग ने युवाओं की रात की नींद उड़ा दी है। जिसके चलते युवा पूरे दिन उखड़े-उखड़े और अशांत रहते हैं। उनमें आक्रामकता बढ़ रही है। फिर वे अवसाद के शिकार हो जाते हैं। बाधित नींद की इस स्थिति में कालांतर मन में आत्महत्या जैसे नकारात्मक भाव उमड़ने लगते हैं। एक सर्वे बताता है कि देश में 73 फीसदी दसवीं के छात्र आठ घंटे से कम की नींद सोते हैं। कलकत्ता स्लीप सोसाइटी के विशेषज्ञ बताते हैं कि दुनिया में 60 से 70 फीसदी किशोर पर्याप्त नींद नहीं ले पा रहे हैं। दरअसल, आज छात्रों पर अभिभावकों व शिक्षकों का अनुशासन कम ही चलता है।

## आज का राशिफल

### मेष
रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद न करें। नौकरी करने वालों को ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति मिलने की संभावना है।

### वृष
स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। फालतू खर्च होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। नवीन मुलाकातों से लाभ होगा।

### मिथुन
आमदनी बढ़ेगी। रुका धन मिलने से निवेश में वृद्धि होने के योग हैं। उदर संबंधी विकार हो सकते हैं। विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

### कर्क
यात्रा सफल रहेगी। आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी। आर्थिक समस्या बनी रहेगी। व्यसनाधीनता से बचें। व्यापार, रोजगार मध्यम रहेगा।

### सिंह
घर-बाहर तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। जल्दबाजी न करें। नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। किसी मामले में कटु अनुभव मिल सकते हैं। सरकारी, कानूनी विवाद सुलझेंगे।

### कन्या
जोखिम, लोभ, लालच से बचें। नया काम, व्यवसाय आदि की बात बनेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कानूनी बाधा दूर होकर लाभ होगा।

### तुला
पूँजी निवेश बढ़ेगा। पहले किए गए कार्यों का लाभदायी फल आज मिल सकेगा। संतान के कामों से खुशी होगी। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। पुराना रोग उभर सकता है।

### वृश्चिक
जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार की स्थिति अच्छी रहेगी। रचनात्मक काम करेंगे। कर्मचारियों पर निगाह रखें। परिवार की समस्या का उचित समाधान होगा।

### धनु
शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। भागदौड़ रहेगी। घर-परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। कार्यकुशलता सहयोग से लाभान्वित होंगे। काम में मन लगेगा।

### मकर
स्वयं का सोच अनुकूल रहेगा। रिश्तेदारों से संबंधों की मर्यादा बनाए रखें। चोट व रोग से बाधा संभव है। बेचैनी रहेगी। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। रोजगार मिलेगा।

### कुंभ
संतान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। सोचे कामों में मनचाही सफलता मिलेगी। व्यापारिक निर्णय समय पर लेना होंगे। पुरानी बीमारी उभर सकती है। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा।

### मीन
विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। नए कार्यों, योजनाओं की चर्चा होगी। लाभदायी समाचार आएँगे। समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी।

## स्वास्थ्य समाचार

# जीरा, अजवाइन, सौंफ और दालचीनी का पानी पीने से मिलते हैं यह फायदे

खराब जीवनशैली और असंतुलित खानपान की वजह से आज के समय में मोटापे की समस्या, डायबिटीज और ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों से पीड़ित लोगों की संख्या बढ़ रही है। मोटापा कई तरह की बीमारियों का कारण भी माना जाता है। इन समस्याओं से बचने के लिए डाइट का विशेष ध्यान रखना चाहिए। मोटापे को कम करने और डायबिटीज, ब्लड प्रेशर जैसी लाइफस्टाइल डिजीज के खतरे को कम करने के लिए डिटॉक्स ड्रिंक्स का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। वजन कम करने के लिए जीरा, अजवाइन, सिंफ और दालचीनी से बना पानी पीना बहुत फायदेमंद होता है। इस मिश्रण का सेवन करने से आपको एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों के साथ-साथ फाइबर, प्रोटीन, आयरन, पोटैशियम और कैल्शियम जैसे गुण पाए जाते हैं। इस ड्रिंक में विटामिन सी की पर्याप्त मात्रा होती है, जो शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाने में बहुत उपयोगी होती है।



**वजन कम करने के लिए जीरा, अजवाइन, सौंफ और दालचीनी का पानी :** पाचन तंत्र को मजबूत बनाने, शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और बीमारियों के खतरे को कम करने के लिए जीरा, अजवाइन, सौंफ और दालचीनी से बने इस ड्रिंक का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। इसका सेवन करने से आपको गैस्ट्रिक समस्याओं से मुक्ति मिलती है और शरीर का चयापचय भी दुरुस्त रहता है।

### जीरा, अजवाइन, सौंफ और दालचीनी के फायदे

- इस डिटॉक्स ड्रिंक में फाइबर, आयरन और कैल्शियम जैसे पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। इसका सेवन करने से आपके शरीर में कमजोरी या पोषक तत्वों की कमी नहीं होती है और वजन तेजी से कम होता है।
- जीरा, अजवाइन, सौंफ और दालचीनी के पानी का सेवन करने से आपको बार-बार भूख नहीं लगती है और आप संतुलित मात्रा में भोजन कर पाते हैं। इसका सुबह के समय सेवन करने से वजन कम करने में फायदा मिलेगा।
- पेट से जुड़ी परेशानियां जैसे अपच और कब्ज की समस्या या पेट में गैस बनने की समस्या में भी जीरा, अजवाइन, सौंफ और दालचीनी के पानी का सेवन फायदेमंद होता है।
- शरीर में ब्लड शुगर के स्तर को कंट्रोल में रखने के लिए भी इस ड्रिंक का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। डायबिटीज के मरीज वजन कम करने के लिए इस ड्रिंक का रोजाना सेवन कर सकते हैं।

# बालों में सरसों का तेल और दही मिलाकर लगाने से दूर होंगी आपकी यह समस्याएं

प्राचीन काल से ही बालों में सरसों तेल लगाना बहुत फायदेमंद माना जाता है। यही कारण है कि हमारी मम्मी, दादी-नानी बचपन में सरसों के तेल से सिर की मालिश किया करती थीं। बालों की कई समस्याओं को दूर करने के लिए सरसों का तेल एक रामबाण उपाय है। यह हेल्दी फैट्स जैसे मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड, पॉलीअनसेचुरेटेड फैटी एसिड, और ओमेगा-3, 6 के साथ ही एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है। वहीं दही का सेवन तो हम सभी करते हैं, यह एक बेहतरीन प्रोबायोटिक है जो आपके पेट को हेल्दी रखने में मदद करता है। लेकिन बालों के लिए दही बहुत फायदेमंद होती है। कैल्शियम, प्रोटीन, आयरन जैसी जरूरी पोषक तत्वों के साथ दही के बैक्टीरियल गुण इसे बालों के लिए लाभकारी है बनाते हैं। जब आप सरसों के तेल में दही मिलाकर बालों में लगाते हैं और इससे स्कैल्प की अच्छी तरह



मालिश करते हैं, तो यह बालों की लगभग सभी समस्याओं को दूर करने और आपको मजबूत, घने और शाइनी बाल पाने में मदद करता है।

**डैंड्रफ का है रामबाण इलाज :** सरसों तेल और दही का मिश्रण बालों में लगाने से बालों और स्कैल्प को पोषण मिलता है। इससे स्कैल्प मॉइश्चराइज होता है और नमी बनी रहती है। यह स्कैल्प पर जमा हानिकारक बैक्टीरिया को भी साफ करता है और डैंड्रफ का सफाया करता है।

**बाल बनाए मजबूत :** बालों का झड़ना कम करने और रोकने में सरसों तेल और दही का मिश्रण बहुत लाभकारी है। यह आपको मजबूत और घने बाल पाने में मदद करता है।

**ड्राई हेयर की समस्या करे दूर :** सरसों का तेल और दही बालों में लगाने से बालों को पोषण मिलता है, यह बालों में नमी को लॉक करता है और उन्हें काला बनाता है। यह दो मुहे बाल, ड्राई और फ्रिजी हेयर की समस्या को दूर करने को मुलायम और शाइनी बाल पाने में मदद करता है।

**बालों के विकास को दे बढ़ावा :** बालों का विकास रुकना या बहुत कम होने की समस्या को दूर ने में यह कॉम्बिनेशन बहुत लाभकारी है। यह आपके बालों, स्कैल्प और रोमछिद्रों को पोषण प्रदान करता है और बालों के तेजी से विकास में मदद करता है।

**खुजली से दिलाए राहत :** स्कैल्प पर जमा गंदगी और हानिकारक बैक्टीरिया के कारण सिर में खुजली होती है और बाल झड़ते हैं। सरसों का तेल और दही बालों में लगाने से स्कैल्प में खुजली और सोरायसिस जैसी समस्याओं से छुटकारा मिलता है, क्योंकि यह स्कैल्प की गहराई से सफाई करता है, जिससे यह हानिकारक बैक्टीरिया और गंदगी का सफाया करता है।

# खजूर से बना गुड़ सेहत के लिए होता है बहुत फायदेमंद

खजूर का गुड़ सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसको खाने से शरीर स्वस्थ रहता है। गन्ने से गुड़ बनने के बारे में, तो आपने हजारों बार सुना होगा। लेकिन खजूर से बनने वाला गुड़ भी शरीर को हेल्दी रखने में मदद करता है। खजूर का गुड़ कई पोषक तत्वों से भरपूर होता हैं। इसे खाने से शरीर को गर्माहट मिलती है। खजूर के गुड़ में प्रोटीन, आयरन, फाइबर और विटमिन बी1 आदि पाया जाता हैं। इसे खाने से शरीर में आयरन की कमी नहीं होती। खजूर का गुड़ खजूर के रस से तैयार किया जाता है। इसे नियमित खाने से इम्यूनिटी भी मजबूत होती है।

**सर्दी जुकाम से राहत देता है :** खजूर का गुड़ सर्दी जुकाम से राहत देने में मदद करता है। ये गुड़ मौसमी बीमारियों से भी शरीर की रक्षा करता है। खजूर गुड़ की तासीर गर्म होती है इसलिए ये शरीर में गर्माहट पहुंचाकर सर्दी जुकाम को ठीक करता है। खजूर का गुड़ सीने में जमा कफ से भी राहत देता है। खजूर के गुड़ का काढा बनाकर पिया जा सकता है।

**डायबिटीज :** डायबिटीज के मरीजों का हर चीज बड़ी सोच समझकर खानी पड़ती है। डायबिटीज के मरीजों को अपनी डाइट का काफी ख्याल रखना पड़ता है। ऐसे में खजूर का गुड़ डायबिटीज के मरीज आसानी से खा सकते है। लेकिन ध्यान दें डायबिटीज के मरीज इसका सेवन सीमित मात्रा में ही करें।

**थकान दूर करने में मददगार :** खजूर का गुड़ थकान को दूर करता है। अगर आप थका महसूस कर रहे है, तो एक टुकड़ा खजूर के गुड़ का खाएं। इसे आपकी थकान दूर होने में मदद मिलेगी। खजूर का गुड़ शरीर को इस्टेंट एनर्जी देने में मदद करता है। खजूर का गुड़ खाने में काफी स्वादिष्ट होता है। ये आपके मूड को भी फ्रेश रखने में मदद करता है।

**पाचन तंत्र को रखें मजबूत :** खजूर का गुड़ पाचन तंत्र को मजबूत बनाने में मदद करता है। इसके सेवन से पेट से जुड़ी कई समस्याएं कम होती हैं। खाने के बाद खजूर का गुड़ खाने से खाना ठीक से पचता है। अगर आपके पेट में गैस बनती है, तो ऐसे में खजूर के गुड़ का नियमित सेवन करें।



### मुंहासों की समस्या को करें दूर

खजूर का गुड़ शरीर की कई परेशानियों को दूर करके बॉडी को हेल्दी रखने में मदद करता है। खजूर के गुड़ को नियमित खाने से मुंहासों की समस्या दूर होती है। खजूर का गुड़ शरीर के टॉक्सिक पदार्थों के बाहर निकालने में मदद करता हैं। नियमित इसको खाने से त्वचा ग्लोइंग बनती है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

### 133 मामलों का निस्तारण, 25.79 लाख रुपए के अवार्ड पारित



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक न्यायालय के न्यायाधीश अजय गोदारा एवं जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील की संयुक्त बैंच ने विभिन्न प्रकरणों की सुनवाई करते हुए 133 मामलों का आपसी सहमति से निस्तारण किया। इन प्रकरणों से संबंधित कुल 25 लाख 79 हजार 211 रुपए के अवार्ड पारित किए गए। लोक अदालत के माध्यम से बड़ी संख्या में लंबित मामलों का त्वरित समाधान होने से परिवादियों को राहत मिली।

#### राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के आदेश की करवाई अक्षरशः पालना

लोक अदालत के दौरान नवलगढ़ क्षेत्र के 2 विद्युत उपभोक्ताओं के मामलों में राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग, नई दिल्ली के आदेश की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करवाई गई। साथ ही संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए कि विद्युत कनेक्शन से जुड़ी उपभोक्ताओं की समस्याओं का आगामी 7 दिनों में विशेष रूप से समाधान किया जाए। गौरतलब है कि जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा उपभोक्ताओं के पक्ष में दिए गए निर्णय को विद्युत विभाग ने राज्य आयोग और राष्ट्रीय आयोग में चुनौती दी थी, लेकिन जिला आयोग झुंझुनू के निर्णय को राज्य व राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग ने भी यथावत बरकरार रखा।

#### अधिवक्ताओं व अधिकारियों की रही सक्रिय भागीदारी

लोक अदालत की कार्यवाही के दौरान अधिवक्ताओं और विभागीय अधिकारियों की सक्रिय उपस्थिति रही। इस अवसर पर एडवोकेट नीरज कुमार व नवीन सैनी ने मामलों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यवाही के दौरान एसई एवीवीएनएल महेश टीबड़ा, एक्सईएन एवं नोडल अधिकारी प्रदीप भांबू, विधि अधिकारी डॉ. प्रज्ञा कुलहार, एईईएन अनिल कालेर व महेश कुमार सैनी, जिला अभिभाषक संस्था के पूर्व अध्यक्ष विजय ओला, अभिभाषक संस्था के सचिव विकास महमिया, वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश झाझड़िया व भगवान सिंह भी मौजूद रहे। इसके अलावा उपभोक्ता आयोग के सहायक प्रशासनिक अधिकारी भीमसिंह राजपुरोहित, रीडर महावीर सिंह मीणा, वरिष्ठ सहायक चंदन सैनी, एजाज नबी, मोहम्मद आदिल, अमित शर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण, परिवादी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

#### निस्तारण में अहम योगदान देने वाले अधिवक्ता होंगे सम्मानित

उपभोक्ता आयोग की न्याय टेबल पर लोक अदालत में प्री-काउंसलिंग के माध्यम से सैकड़ों प्रकरणों के निस्तारण में अहम भूमिका निभाने वाले एडवोकेट नीरज कुमार एवं नवीन कुमार सैनी को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसकी घोषणा आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने की।उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से विवादों का त्वरित, सस्ता और सौहार्दपूर्ण समाधान संभव होता है, जिससे न्यायालयों में पेडेंसी का भार भी कम होता है और आमजन को शीघ्र राहत मिलती है।

# परिजन गए थे शादी में, चोर लाखों के गहने उड़ा ले गए



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** कस्बे के खाटू रोड स्थित श्रीराम नगर में शादी समारोह में गये परिजनों के घर में पीछे से चोरों ने धमाल मचा दिया। चोरो ने घर में घुस कर बेखौफ चोरी कर लाखों के गहने उडा ले गये। चोरों ने वेफिक होकर आलमारियों को खगाला। परिजनों के शादी समारोह से आने के बाद चोरी की वारदात का पता चला। मनोज कुमार शर्मा निवासी अठबीघा खण्डेला हाल निवास श्रीराम नगर रींगस ने बताया कि 10 मार्च को अपने ससुराल में शादी समारोह में गये थे। 14 मार्च को घर आये तो गेट खोलने के बाद सामान बिखरा पडा मिला। कमरे व आलमारियों की तलाशी लेने पर पता चला की घर में रखे लाखो के जेवर चोरी हो गये। इनमें सोने की चैन दो जोडी कानों की बाली सोने का काटा सोने की अंगूठी चादी का कडा एक चाँदी का गिलाश चोदी की तागडी चादी का सिक्का, चांदी की बिछूडी, पचास हजार रूपये नगद सहित अन्य सामान चोरी हो गये। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं कस्बे में पिछले कई दिनों से चोरी की वारदाते लगातार बढ़ रही है। वही पुलिस किसी भी वारदात का खुलाशा अभी तक नहीं कर पाई है।

# दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन घायल

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ क्षेत्र में गत देर रात्रि में दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन चालक घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रैफर किया है। वहीं एक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जयपुर के विराट नगर से पिकअप में हरी मिर्च भरकर कोटपूतली के देवली निवासी 32 वर्षीय इंद्राज गुर्जर सूरतगढ़ की तरफ जा रहा था कि जयपुर पुलिया से पहले पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रहे कंटेनर से भिड़ंत हो गई। कंटेनर को दिनेश सिंह चला रहा थाए जो मूंदड़ा पोर्ट से करनाल जा रहा था। हादसे में इंद्राज व दिनेश सिंह घायल हो गए, जहां पर इंद्राज की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया तथा दिनेश को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। दूसरी घटना मेगा हाइवे पर पड़िहारा में ईंट भट्ठा के पास की है, जहां पर एक कार व कंटेनर की भिड़ंत हो गई। घटना में कार चालक 33 वर्षीय भागीरथ जाट निवासी राणासर घायल हो गया, जिसे डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया। दोनों ही घटनाओं में पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। हादसों के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई तथा टोल प्लाजा के कार्मिकों ने वाहनों को साइड में करवाकर आवागमन को दुरुस्त करवाया।

# ब्राह्मण समाज पर सर्व समाज के मार्गदर्शन की जिम्मेदारी : गणेशिया

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** विश्व ब्राह्मण सभा ट्रस्ट का राष्ट्रीय अधिवेशन शनिवार को पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान के सभागार में शुरू हुआ। अधिवेशन का शुभारंभ सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एच.सी. गणेशिया, कदंब डूंगरी की व्यवस्थापक सुनंदिनी दीदी, सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर के पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज के संत प्रतिनिधि, विश्व ब्राह्मण सभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवनारायण जैमन, राष्ट्रीय महासचिव महेश शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष बृजेश शर्मा और नगर अध्यक्ष रघु शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता एच.सी. गणेशिया ने कहा कि देश और दुनिया में आज भी ब्राह्मण समाज विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। वर्तमान सामाजिक परिवेश में ब्राह्मणों को अपनी ज्ञान परंपरा और संस्कृति को बनाए रखते हुए नई पीढ़ी को अच्छे संस्कार देने होंगे। अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में वक्ताओं ने संगठन के उद्देश्य और गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन नगर महासचिव महेंद्र शर्मा ने किया।

प्रारंभ में अतिथियों का माला व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। पं. लोकेश शर्मा ने संस्कृत में मंगलाचरण प्रस्तुत किया तथा संगठन के उद्देश्यों की जानकारी दी। ज्योतिषाचार्य उमेश उपाध्याय के मंत्रोच्चार से सभागार में आध्यात्मिक वातावरण बन गया। राष्ट्रीय महासचिव महेश शर्मा ने अधिवेशन की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डाला। पहले दिन आयोजित विभिन्न सत्रों में युवा करियर मार्गदर्शन, बिजनेस नेटवर्किंग, उद्यमिता, भारतीय संस्कार परंपरा, कुटुंब प्रबंधन और संयुक्त परिवार व्यवस्था जैसे विषयों पर विशेषज्ञों व विद्वानों ने अपने विचार रखे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष देवनारायण जैमन ने कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव सनातन परंपरा का साक्षी रहा है और समाज का मार्गदर्शन करता आया है। समाज के संरक्षक के रूप में ब्राह्मणों ने सदैव त्याग और सेवा की भावना से कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि समाज को अपनी ज्ञान परंपरा और नेतृत्व क्षमता को बनाए रखते हुए नई पीढ़ी का मार्गदर्शन करना होगा। इस अवसर पर सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर के पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य के शिष्य पंडित गोपाल जी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी नितिन जर्मन सहित कई वक्ताओं ने समाज की चुनौतियों और उनके समाधान पर विचार रखे तथा नई पीढ़ी को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री महेश शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष बृजेश शर्मा और जयपुर महानगर के जिला अध्यक्ष रघु शर्मा ने भी समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। अधिवेशन का समापन रविवार को होगा। अधिवेशन में वरिष्ठ अधिवक्ता बाबूलाल शर्मा, पं. राधेश्याम शर्मा, मोहनलाल शर्मा, ओमप्रकाश प्रधान, महेश जैमिनी, अरविंद जैमन, मदनलाल शर्मा, गौरीशंकर शर्मा, पूरण लखपति, मोहनलाल तिवाड़ी, डॉ. राकेश चौबे सहित सैकड़ों प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# एसबीएन पीजी कॉलेज का खोखो में शानदार प्रदर्शन



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** अंतर महाविद्यालयीन खो-खो प्रतियोगिता में एसबीएन पीजी कॉलेज श्रीमाधोपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने पहले ही मुकाबले में दमदार जीत दर्ज की। टीम ने बंसीवाला पीजी कॉलेज लोसल को पारी और दो अंकों से हराकर प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मैच के दौरान एसबीएन कॉलेज श्रीमाधोपुर के खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही तेज खेल, शानदार रणनीति और बेहतरीन तालमेल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की फुर्ती, तेजी और सटीक रणनीति के सामने लोसल की टीम ज्यादा देर तक टिक नहीं सकी। मैदान में उपस्थित दर्शकों ने भी खिलाड़ियों के इस जोशपूर्ण खेल का भरपूर उत्साहवर्धन किया। अब क्वार्टर फाइनल मुकाबले में एसबीएन पीजी कॉलेज श्रीमाधोपुर की टीम का सामना तेजल कॉलेज रींगस से होगा। टीम के खिलाड़ी इस मुकाबले को लेकर पूरी तरह उत्साहित हैं और सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए कड़ा अभ्यास कर रहे हैं। टीम के कोच एवं मैनेजर बनवारी लाल जीतरवाल के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने अनुशासन, मेहनत और टीम भावना के साथ यह महत्वपूर्ण जीत हासिल की। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि यदि टीम इसी तरह समर्पण और जोश के साथ खेलती रही तो आगे भी शानदार सफलता मिल सकती है। कॉलेज परिवार और खेल प्रेमियों ने टीम की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए आगामी मुकाबलों के लिए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं। अब सभी की निगाहें क्वार्टर फाइनल मुकाबले पर टिकी हुई हैं।

# मधुमक्खियों के हमले से घायल हुए किसान परिवार



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ तहसील के ग्राम दाऊदसर में सरसों की फसल काट रहे किसानों पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। इस हमले में पांच किसान गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राजकीय जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया। ग्राम के बीरबलराम 60 ने बताया कि वे अपने परिवार के साथ खेत में सरसों की कटाई कर रहे थे। उसी दौरान कींकर के पेड़ के पास पहुंचने पर मधुमक्खियों के एक बड़े झुंड ने उन पर हमला कर दिया। हमले में बीरबलराम के साथ धन्नी देवी 25, हनुमान सिंह 75, हीरालाल 20 और गिरधारीलाल 28 घायल हो गए। मधुमक्खियों से बचने के लिए उन्होंने पहले कंबल ओढ़कर आग के पास बैठने की कोशिश कीए लेकिन मधुमक्खियों की संख्या बढ़ती गई। इसके बाद पांचों किसानों ने खुद को एक झोपड़े में बंद कर लिया और खेत में ही गाड़ी मंगवाई। परिवार के अन्य सदस्यों ने उन्हें राजकीय जिला अस्पताल भर्ती कराया जहां पर हालत को देखते हुए रेफर कर दिया गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीकर के तत्त्वाधान में शनिवार को तालुका विधिक सेवा समिति श्रीमाधोपुर द्वारा प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। समिति अध्यक्ष गीता पाठक एडीजे श्रीमाधोपुर ने बताया कि श्रीमाधोपुर तालुका स्थित न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य सिविल, फौजदारी प्रकरणों, एम.ए.सी.टी पारिवारिक न्यायालय, घरेलू हिंसा, 138 एन.आई. एक्ट एवं प्री.लिटिगेशन बैंक, बीमा कम्पनियों एवं बीएसएनएलए एवीवीएनएलए अजमेर आदि के कुल 4345 प्रकरण चिन्हित किये गये। जिनमें कुल 276 प्रकरणों का निस्तारण कर राशि 3 करोड़ 2 लाख 80 हजार 634 रुपए के अवार्ड पारित किये गया।

जिनमें न्यायालयों में लंबित 87 प्रकरण एवं प्री.लिटिगेशन के 189 प्रकरणों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत राजीनामा के माध्यम से किया गया। वही न्यायालय, अपर जिला एवं सेशन न्यायालय, श्रीमाधोपुर में लंबित मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के 13 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिनमें 1 करोड़ 35 लाख 24 हजाररूपये के अवार्ड पारित किये गये एवं 01 पारिवारिक प्रकरण का निस्तारण लोक अदालत की भावना से किया गया।

इस मौके पर बैंच अध्यक्ष श्रीमती गीता पाठक, एडीजे श्रीमाधोपुर व रेशमा जानवानी एसीजेएम क्रम संख्या- 2 तथा सदस्य अधिवक्ता भारत भूषण सामोता एवं संजय कुमार शर्मा, विद्युत निगम, बैंक, वित्तीय संस्थानों आदि के अधिकारी व कर्मचारी तथा न्यायालय कर्मचारीगण एवं अधिवक्तागण तथा काफी संख्या में पक्षकार उपस्थित रहें।

# ताइक्कांडो के फर्जी प्रमाण पत्र से शिक्षक भर्ती में नौकरी पाने की साजिश का पर्दाफाश

### एक महिला आरोपी गिरफ्तार

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** राजस्थान में वर्ष 2022 की तृतीय श्रेणी अध्यापक भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़े के मामले में एसओजी पुलिस टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जिले के सादुलपुर से एक महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी महिला पर ताइक्कांडो खेल के फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर उत्कृष्ट खिलाड़ी कोटे से शिक्षक भर्ती में नौकरी पाने का आरोप है। इस सम्बंध में आईपीएस अधिकारी अभिजीत पाटिल ने बताया कि भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक माफिया और फर्जीवाड़े के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एसओजी टीम की ओर सूचना मिली। जिसके आधार पर कार्रवाई करते हुए टीम ने दबिश देकर एक महिला को डिटेन किया। डिटेन की गई महिला एकता थालोर निवासी सादुलपुर है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ के बाद उसे हिरासत में लेकर आगे की जांच के लिए एसओजी टीम को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि ताइक्कांडो खेल के फर्जी प्रमाण पत्र और फर्जी सत्यापन रिपोर्ट के जरिए उत्कृष्ट खिलाड़ी कोटे से तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में चयन पाने का प्रयास किया था। जांच के दौरान एक फर्जी ईमेल आईडी का भी खुलासा हुआ।

जिसकी स्पेलिंग में गड़बड़ी होने के कारण पूरे फर्जीवाड़े का राज खुल गया। एसओजी अब इस मामले में जुड़े अन्य लोगों और संभावित गिरोह की भी जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि भर्ती परीक्षाओं में किसी भी तरह की धांधली और फर्जीवाड़ा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। वही मामले में आईपीएस अधिकारी अभिजीत पटेल ने बताया कि मामले में एसओजी टीम ने ताइक्कांडो के फर्जी प्रमाण पत्र से शिक्षक भर्ती में नौकरी पाने की साजिश का पर्दाफाश कर बीस आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 की तृतीय श्रेणी अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा में उत्कृष्ट खिलाड़ी कोटे से नौकरी प्राप्त करने के लिए ताइक्कांडो के फर्जी प्रमाण पत्र और फर्जी सत्यापन रिपोर्ट का इस्तेमाल करने के बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। इस मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने बड़ी कार्रवाई की है। भर्ती प्रक्रियाओं में पेपर लीक माफिया और फर्जीवाड़े के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत इस मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान सामने आया कि कुछ अभ्यर्थियों ने ताइक्कांडो खेल के फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर उत्कृष्ट खिलाड़ी कोटे से शिक्षक भर्ती में चयन पाने का प्रयास किया तथा 14 जिलों में एक साथ रेड कर बड़ी कार्रवाई की है तथा मामले की जांच जारी है।

## तहसीलदार बनकर महिला के साथ किया फ्रॉड

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** सरकारी योजना में बने शौचालय का फंड दिलवाने के नाम पर एक व्यक्ति ने नायब तहसीलदार बनकर महिला के साथ फ्रॉड करते हुए एक लाख 95 हजार 940 रुपए की राशि ठग ली। घटना से आहत महिला ने साईबर क्राइम के पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई तो रतनगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिला की राशि को पुनः लौटाया है। सीआई गौरव खिड़िया ने बताया कि अनुसूईया पत्नी जयप्रकाश निवासी सुलखणिया तहसील राजगढ़ हाल निवासी लधासर ने ऑनलाईन शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसके पास एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने अपने आप को नायब तहसीलदार बताया। उसने कहा कि आपके शौचालय की राशि निजी खाते में डाली जा रही है, जिस पर महिला ने मना किया लेकिन उक्त व्यक्ति द्वारा महिला को मोबाइल पर राशि जमा का फेक मैसेज भेज दिया। फिर फोन कर बताया कि गलती से उसने ज्यादा रुपए भेज दिए है बाकि रुपए उसे वापस भेजो, जिस पर उक्त व्यक्ति ने अलग-अलग खातों में महिला से एक लाख 95 हजार 940 रुपए की राशि ले ली। महिला ने इस घटना की शिकायत ऑनलाईन पॉर्टल पर दर्ज करवाई तो रतनगढ़ साइबर पुलिस के कांस्टेबल मुकेश व महेंद्र ने कार्रवाई करते हुए महिला की राशि को पुनः उसके खाते में लौटाया है।

# नेत्रदान हेतु समाज में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता : लॉयन उमा झंवर

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय माहेश्वरी भवन में लायंस क्लब सुजानगढ़ द्वारा श्रेष्ठा 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य विषय नेत्रदान के प्रति आम लोगों को जागरूक करना रहा। इंदौर की एम के इंटरनेशनल आई बैंक की डायरेक्टर लॉयन उमा झंवर, लायंस क्लब के जोन चेयरपर्सन कमल तापड़िया, कार्यक्रम संयोजक सुनीता रावतानी, सुनीता तापड़िया, क्लब अध्यक्ष प्रशांत पारीक, प्रशासक सविता राठी ने सालासर बालाजी महाराज के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वागत भाषण देते हुए प्रशांत पारीक ने नेत्रदान का महत्व बताया और क्लब की गतिविधियों को रेखांकित किया। वहीं नन्हीं श्रद्धा सैन ने शिव तांडव पर योग के अनेक आसनों की शानदार प्रस्तुति दी।

मुख्य वक्ता एम के इंटरनेशनल आई बैंक इंदौर की डायरेक्टर लॉयन उमा झंवर ने दृष्टि के उपहार को बनाएं एक जीवंत विरासत विषय पर विचार प्रकट किए। नेत्रदान का संकल्प लेने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि नेत्रदान कौन, कब, कहां कैसे कर सकता है, इसकी जानकारी लेकर अगर अभियान चलाया जाए, तो समाज में कोई बिना देखे नहीं रहेगा। उन्होंने स्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के इस ओर किए गए प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि केविड जैसी गंभीर बीमारियों के मरीज नेत्रदान नहीं कर सकतेए जबकि सहसा मृत्यु के शिकार लोग जैसे दुर्घटना, सांप के काटने से मृत लोगों के नेत्रदान हो सकता है।

आंख का कॉर्निया सही है, तो नेत्रदान संभव है। उन्होंने सभी लोगों से सामाजिक आयोजनों में इस विषय पर बात करने की अपील की। वक्तव्य के बाद लॉयन उमा झंवर का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समाज में विशेष सेवा कार्य से छाप छोड़ने वाली महिला शक्ति को सम्मानित किया गया। गोपालपुरा पंचायत की प्रशासक सविता राठी, रुपद गायिका डॉ. गायत्री शर्मा, साहित्यकार डॉ. साधना प्रधान, योग विशेषज्ञ अंजनी सैन, श्रद्धा सैन को समाज में प्रेरणास्पद गतिविधियों के लिए सम्मानित किया गया। बाल भारती इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल प्रमिला तिवाड़ी के निर्देशन में विद्यार्थियों ने महिला शक्ति को समर्पित सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इससे पहले अतिथियों का स्वागत कमला सिंघी, रजनीकांत सोनी, मोनिका सोनी, सुनीता बेदी, रोहित शर्मा, मुरली राठी, अशोक जाजू आदि ने किया।

कार्यक्रम में गिरधर शर्मा, शर्मिला सोनीए ऊषा बगड़ा, श्याम स्वर्णकार, मूलचंद तिवाड़ी, प्रभु दयाल स्वामी, स्नेहप्रभा मिश्रा, मधु बागरेचा, कृष्णा शर्मा, डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा, महावीर मिरणका आदि सहित अनेक लोग मौजूद रहे। लोगों को स्लाईड्स के माध्यम से नैत्रदान के प्रति जागरूक किया गया। संचालन सुषमा मूंधड़ा ने किया।

# हिस्ट्रीशीटर पर बदमाशों ने की फायरिंग

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** करधनी थाना इलाके में तीन लग्जरी गाड़ियों में सवार होकर आए आधा दर्जन अज्ञात बदमाशों ने सिरसी के हिस्ट्रीशीटर पर फायरिंग कर दी। गनीमत रहीं गोली तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार के बोनट से टकराकर आगे वाले शीशे में जा घुसी। जिससे हिस्ट्रशीटर की जान बच गई। निशाना चूकने के बाद एक बदमाश स्वीफ्ट कार से उतकर पैदल ही भागने लगा तो हिस्ट्रीशीटर ने अपनी फॉर्च्यूनर कार से उस पकड़ने का प्रयास किया लेकिन पीछे से आ रही दो गाड़ियों को देखकर हिस्ट्रीशीटर ने उसका पीछा छोड़ दिया और वहां से फरार हो गया। फायरिंग की सूचना पर थाना इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना करने के बाद कार सवार बदमाशों की तलाश में इलाके में नाकाबंदी कराई लेकिन पुलिस के हाथ कोई सफलता नहीं लगी। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है। वहीं पुलिस हिस्ट्रशीटर से भी पूछताछ करने में जुटी है। बताया जा रहा है कि सिरसी निवासी कमल मीणा आदतन बदमाश है और प्रोपर्टी का व्यवसाय करता है। प्रॉपर्टी कारोबारी कमल मीणा उर्फ कमल सिरसी शनिवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे हाथोज फाटक के पास स्थित मकान से फॉर्च्यूनर गाड़ी लेकर काले हनुमान मंदिर के लिए निकले थे। हाथोज फाटक स्थित एक प्राइवेट स्कूल के पास थार, स्कॉर्पियो और स्विफ्ट कार में आए 10-12 बदमाशों ने कारोबारी की फॉर्च्युनर गाड़ी को घेर लिया। थार जीप में बैठे एक बदमाश ने कमल मीणा पर फायरिंग की। गोली फॉर्च्युनर के बोनट से टकराकर फ्रंट शीशे में जाकर लगी। फायरिंग के बाद बदमाश तेजी से अपनी गाड़ियां भगा ले गए। इस दौरान कमल मीणा ने अपनी गाड़ी से बदमाशों की स्कॉर्पियो को टक्कर मारी। साथ ही एक बदमाश के पीछे गाड़ी दौड़ा दी, जिसने भागकर अपनी जान बचाई। इसके बाद बदमाश मौके से भाग निकले। फायरिंग की सूचना पर करधनी-बिंदायका थाना पुलिस और डीएसटी मौके पर पहुंची। पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने के लिए आसपास के इलाके में नाकाबंदी भी कराई लेकिन पुलिस के हाथ कोई सफलता नहीं लगी।

**पुरानी रंजिश या वर्चस्व की लड़ाईः** पुलिस का मानना है कि अज्ञात कार सवार बदमाशों ने पुरानी रंजिश या वर्चस्व की लड़ाई के चलते हिस्ट्रीशीटर पर जानलेवा हमला किया है। जिसको लेकर पुलिस कमल मीणा से भी पूछताछ करने में जुटी है। हिस्ट्रीशीटर पर हुई फायरिंग के मामले को लेकर बिंदायदा, करधनी व डीएसटी टीम संयुक्त कार्रवाई करने में जुटी है। करधनी थाना पुलिस ने कमल मीणा की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

# मुंह से आने वाली बदबू है कई गंभीर बीमारियों का संकेत, अनदेखा करना हो सकता है जानलेवा



अक्सर लोग सांसों की बदबू, दांत और मसूढ़ों की बीमारी से परेशान रहते हैं। इस समस्या से निजात पाने के लिए लोग डेंटिस्ट की मदद भी लेते हैं। बता दें कि इस समस्या को हैलिटोसिस के नाम से जाना जाता है। डॉक्टर्स का कहना है कि हर बदबू अलग-अलग बीमारियों के बारे में बताती है। जिससे इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस व्यक्ति को कौन सी बीमारी है। आजकल कई विज्ञापनों में भी एक लाइन कही जाती है- सांसों में महक है तो कॉन्फिडेंस है यह लाइन आजकल के लाइफस्टाइल की सच्चाई है। सांसों में आने वाली बदबू न सिर्फ परेशानी देती है, बल्कि यह डिप्रेशन, अकेलेपन और मानसिक बीमारियों को भी बुलावा देती है। इसलिए इसको अनदेखा करना आपके लिए जानलेवा साबित हो सकता है।

### इसका कारण

साइंटिस्ट के अनुसार, सांसों की गंध से किडनी और लिवर भी फेल हो सकता है। इंडियन जर्नल ऑफ डेंटल साइंसेज़ द्वारा की की गई रिसर्च के मुताबिक भारत की आधे से ज्यादा आबादी सांसों की बदबू से जूझ रही है। बताया गया है कि 80 से 90 फीसदी लोगों की सांसों में बदबू का कारण मुंह को साफ न रखना है। वहीं 10 से 20 फीसदी लोगों में गंभीर बीमारियों के कारण बदबूभरी सांसे होती हैं। दिल्ली में प्रोस्थोडॉन्टिस्ट डॉ. रविंदर के मुताबिक मसूढ़ों की बीमरियां, लार की कमी, दांतों में फंसा खाना और दांत-जीभ को सही से साफ न करने के कारण लोगों की ओरल हेल्थ बिगड़ जाती है। वहीं मुंह में बैड बैक्टीरिया बढ़ने से सल्फर की मात्रा बढ़ती है तो यह तेज बदबू की वजह बन जाती है। लहसुन, प्याज और तेज गंध वाले मसाले पचने के बाद खून की नली के द्वारा हमारे फेफड़ों तक पहुंचते हैं। जिससे सांसों में गंध आने लगती है।

### गंध के बारे में कैसे पता करें

कई बार दूसरों के सामने मुंह से आने वाली गंध शर्मिंदगी का कारण बनती है। इसके बारे में पता लगाने के लिए आप अपने फैमिली मेंबर यो क्लोज फ्रेंड से पूछ सकते हैं। वहीं अपनी कलाई को चाटकर या लंबी सांस लेकर छोड़ने के बाद इसे तुरंत सूंघे। इससे भी आपको पता चल जाएगा कि आपकी सांसों से बदबू आ रही है या नहीं।

### बीमारियों की निशानी

लिवर और किडनी जैसे अंग हमारे शरीर से टॉक्सिक पदार्थों को फिल्टर करके बाहर निकालने का काम करते हैं। जब किसी बीमारी के चलते यह अंग सही से काम करना बंद कर देते हैं तो हमारे शरीर में टॉक्सिक तत्वों की मात्रा बढ़ने लगती है। जिसके कारण सांसों में बदबू आने लगती है। सांसों की गंध हर बीमारी में अलग-अलग होती है। इसको अनदेखा करने से लिवर, किडनी से लेकर ब्रेन तक में डैमेज की समस्या बढ़ जाती है।

### फलों जैसी गंध

कई बार डायबिटीज की बीमारी पर ध्यान न देने से डायबिटिक कीटोएसिडोसिस हो जाता है। यह ग्लूकोज कोशिकाओं के लिए ईंधन की तरह काम करता है। जब शरीर में इंसुलिन की मात्रा कम हो जाती है तो बॉडी में जमा फैट को लिवर एनर्जी के तौर पर इस्तेमाल करता है। इससे खून में एसिडिक बनना शुरू हो जाता है। जिससे केमिकल कीटोंस की गंध तेज होती है और कई बार यह जानलेवा भी साबित होती है। डाइटिंग, व्रत या फिर कई बार देर से खाना खाने की आदत होने पर भी कीटोंस की मात्रा बढ़ती है। जिससे सांसों में गंध पैदा हो जाती है।

### कचरे जैसी बदबू

कई बार सांसों से कचरे जैसी तेज दुर्गंध आने लगती है। ऐसी स्थिति में गले या फेफड़े में इंफेक्शन, पस भरने आदि से मुंह से कचरे जैसी दुर्गंध आने लगती है। फेफड़ों तक हवा पहुंचाने वाली नलियों के डैमेज होने पर बैक्टीरिया हमारे सांसों तक पहुंच जाती हैं। वहीं श्वांस वाली नलियों में बलगम फंसा होने के कारण भी इस तरह की बदबू आने लगती है। किडनी, फेफड़े, खून की नलियों और श्वहृञ्ञ के संक्रमण से जुड़ी एक बीमारी को ग्रैनुलोमैटोसिस कहते हैं। इससे बॉडी में ब्लड सर्कुलेशन ठीक नहीं रहता। जिसके कारण ऐसी तेज बदबू आने लगती है।

### नेल पॉलिश रिमूवर जैसी गंध

कई लोग डायटिंग के दौरान कम कार्ब्स वाला खाना खाते हैं। कार्बोहाइड्रेट्स का लेवल कम होने के कारण शरीर फैट एनर्जी में बदलने लगता है। इस दौरान शरीर में एसिटोन केमिकल बनता है, जो नेल पॉलिश रिमूवर की तरह महकता है।

### खट्टी गंध वाली सांसें

हमारे खाने को पेट तक पहुंचाने का काम आहार नली करती है। एसिड रिफ्लेक्स यानी गर्ड की समस्या से पीड़ित लोगों में आहार नली ठीक से बंद नहीं होने के कारण पेट में आधा-अधूरा पचा खाना अक्सर मुंह और गले तक आने लगता है। जिसके कारण खट्टी गंध वाली सांसे आने लगती हैं।

### सांसों में मल जैसी बदबू

खाना पचने के बाद जो खाने का हिस्सा बच जाता है वह हमारे शरीर से बड़ी आंत के जरिए बाहर निकलता है। लेकिन जब इसमें रुकावट पैदा होती है तो कब्ज की शिकायत होने लगती है। इस दौरान पेट फूलना, पेट में दर्द या मरोड़ उठना और उल्टी आदि की समस्या होती है।

### सांसों से अमोनिया या यूरिन जैसी गंध

कई बार चोट या किसी दूसरी बीमारी के कारण किडनी डैमेज हो जाती है। जिसके कारण डैमेज किडनी हमारे शरीर से नाइट्रोजन और दूसरे केमिकल्स को बाहर नहीं निकाल पाती है। ऐसा होने पर सांसों से अमोनिया या यूरिन जैसी दुर्गंध आने लगती है। इस बीमारी को एज़ोटेमिया के नाम से भी जानते हैं।

### क्या कहते हैं डॉक्टर्स

यदि आपको कोई अन्य बीमारी नहीं है तो इसका एक ही इलाज है। जिन लोगों के मुंह से बदबू आती है उन्हें अपनी जीभ, मुंह, मसूढ़े और दांतों को साफ रखना चाहिए। माउथवॉश का इस्तेमाल करने से बदबू पैदा करने वाले बैक्टीरिया की कम हो जाते है। हालांकि यह इसका स्थाई उपाय नहीं है। बहुत ज्यादा माउथवॉश के इस्तेमाल के भी अपने नुकसान होते हैं। इसलिए ज्यादा माउथवॉश का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

### ऐसे करें इसका इलाज

एक कप एलोवेरा जूस में आधाकप पानी मिलाकर रोज इससे कुल्ला करना चाहिए। इसके अलावा आप आधे गिलास गुनगुने पानी में नमक डालकर भी कुल्ला कर सकते हैं। इससे भी आपको सांसों में आने वाली बदबू से राहत मिलेगी। आधा ग्लास गुनगुने पानी में बेकिंग सोडा मिलाकर आप सांसों की बदबू से बच सकते हैं।

### सीलनभरी सांसें

कई बार आपने महसूस किया होगा कि सांसों से सीलनभरी गंध आने लगती है। जब सिरोसिस जैसी बीमारियों में लिवर जहरीले तत्वों को फिल्टर नहीं कर पाता है तो खून में सल्फर की मात्रा बढ़ने लगती है। इसे ब्रीद ऑफ डेड भी कहते हैं।

### जली चीनी जैसी गंध

कई बार ल्यूसिन, आइसोल्यूसिन और वेलिन जैसे एमिनो एसिड्स को बॉडी पचाकर एनर्जी में कन्वर्ट नहीं कर पाती है। इस बीमारी को मेपल सिरप यूरिन डिजीज कहा जाता है। आपको बता दें कि यह बीमारी इतनी घातक होती है कि कई बार इससे पीड़ित व्यक्ति के दौरे या कोमा में जाने की संभावना बन जाती है। कई बार समय से इलाज न मिलने पर ब्रेन डैमेज की भी संभावना होती है।

### सड़ी मछली जैसी बदबूदार सांसें

ट्राइमेथीलेमिन्यूरिया नामक बीमारी शरीर में ट्राइमेथिलमाइन को तोड़कर नहीं पचा पाती है। जिसके कारण सांसों से पसीने या फिर सड़ी हुई मछली की तरह बदबू आने लगती है।

### उबली पत्तागोभी जैसी गंध

सांसों से गंध आने का कारण जेनेटिक डिसऑर्डर भी हो सकता है। हाइपरमेथाइनिनमिया बीमारी से पीड़ित लोगों की सांसों से उबले हुए पत्तागोभी की तरह बदबू आने लगती है।

# साइकिल चलाने से स्किन को भी मिलते हैं कई फायदे

समय के साथ ही लोगों की डेस्क जॉब बढ़ गई है। इस वजह से लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही काम के दबाव के चलते भी लोगों को मानसिक रूप से परेशानियां झेलनी पड़ रही है। मानसिक रूप से तनाव और नींद की कमी की वजह से लोगों को बेहतर नींद नहीं आ रही है। लेकिन आप अपनी दिनचर्या में एक्सरसाइज को शामिल कर अपनी आधी से ज्यादा समस्याओं को दूर कर सकते हैं। एक्सरसाइज करने में साइकिलिंग एक बेहद ही आसान एक्सरसाइज मानी जाती है। आज भी लोग साइकिल चलाना पसंद करते हैं। कई लोगों के पास बाइक और स्कूटर होने के बाद भी वह सुबह साइकिल चलाने को प्राथमिकता देते हैं। इससे आपके शरीर के सभी अंग सक्रिय होते हैं। साइकिल चलाने से आप अपने वजन को कंट्रोल करने के साथ ही अपनी स्किन को भी खूबसूरत और जवां बना सकते हैं। इस लेख में आपको साइकिल चलाने से चेहरे पर होने वाले प्रभावों के बारे में बताया गया है।



### त्वचा के ग्लो को बढ़ाने में सहायक

यदि आप नियमित रूप से साइकिल चलाते है तो इससे आपको बेहतर नींद आती है। गहरी और पर्याप्त नींद से त्वचा का निखार तेजी से बढ़ता है। अच्छी नींद आने से आपकी त्वचा के सेल्स दोबारा बनते हैं। साथ ही इससे त्वचा की समस्याएं दूर होती है और धीरे-धीरे त्वचा में ग्लो आने लगता है।

### तनाव को कम करने में मददगार

साइकिलिंग से आपके शरीर और मस्तिष्क का तालमेल बेहतर होता है। इसके साथ ही त्वचा और जवां होती है। सुबह के समय साइकिल चलाने से आपके शरीर में ऑक्सीजन का लेवल बढ़ता है, जिससे आपको तनाव कम करने में मदद मिलती है। स्ट्रेस कम होने से आप अपनी पर्सनेलिटी को बेहतर करने पर ध्यान देते हैं।

### विटामिन डी से हड्डियां होती हैं मजबूत

सुबह के समय साइकिल चलाने से आपको सूर्य से विटामिन डी मिलता है। विटामिन डी से आपकी हड्डियां मजबूत होती है। इससे आपको बढ़ती उम्र में हड्डियों की समस्या कम होती है। विटामिन डी की कमी की वजह से त्वचा में सोरासिस और एटोपिक डर्मेटाइटिस की समस्या होने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में जब आप साइकिलिंग करते हैं तो आप त्वचा संबंधी इन दोनों रोगों से सुरक्षित रहते हैं।

### स्किन को करें डिटॉक्स

सुबह के समय साइकिल तेजी से चलाने से शरीर में गर्मी आती है, जिससे पसीना आने लगता है। शरीर में पसीना आने से आपकी बॉडी और स्किन के विषैले तत्व बाहर निकलते हैं। पसीना आने से आपकी त्वचा की गहराई से सफाई होती है। साथ ही त्वचा टाइट होती है।

### स्किन पोर्स को खोलने में सहायक

साइकिल चलाते समय जब आपको पसीना आता है तो इससे आपकी स्किन के पोर्स में जमा गंदगी बाहर निकाल जाती है। इससे आपकी त्वचा दोबारा से सांस लेने लगती है। त्वचा के पोर्स खुलने से चेहरे पर पिंपल्स और मुंहासे होने की समस्या दूर होने लगती है।



# यूरिक एसिड कम करने के लिए पिएं जीरे का पानी

शरीर में एसिड बनने से कई बीमारियों का खतरा रहता है। आपको बता दें कि किडनी का कार्य प्रभावित होने से शरीर में यूरिक एसिड की समस्या होने लगती है। हमारे आहार और शरीर की कोशिकाओं के द्वारा यूरिक एसिड बनने लगता है। शरीर में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ने से अर्थराइटिस, हार्ट डिजीज, शुगर और किडनी संबंधी अन्य समस्याएं होने का खतरा बढ़ जाता है। इसके साथ ही व्यक्ति के शरीर में सूजन आने लगती है। ऐसे में व्यक्ति को अपनी डाइट पर विशेष ध्यान देना चाहिए। वहीं घर में मौजूद मसालों से आप यूरिक एसिड की समस्या को कम कर सकते हैं। जीरे के सेवन से शरीर में कई फायदे मिलते हैं। इसे आप यूरिक एसिड को कम करने के लिए भी इस्तेमाल कर सकते हैं।



### जीरे के पानी से मिलने वाले फायदे

जीरा का उपयोग आप रोजाना दाल व सब्जी बनाने के लिए करते होंगे। जीरा आपके खाने के स्वाद को बढ़ाने का कार्य करता है। इसके साथ ही इससे आपकी सेहत को भी कई फायदे मिलते हैं। इसमें कैल्शियम, आयरन, जिंक, फॉस्फोरस आदि कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये सभी तत्व शरीर के यूरिक एसिड को कंट्रोल करने में सहायक होते हैं। इसके साथ ही जीरे में पाये जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट से आप सूजन को कम कर सकते हैं। इसके साथ ही जीरे के पानी से आपके शरीर के टॉक्सिन तेजी से बाहर होते हैं।

### यूरिक एसिड ज्यादा होने पर जीरे का पानी कैसे पिएं?

यूरिक एसिड को कम करने के लिए आप जीरे का पानी पी सकते हैं। इसे उपयोग करने के लिए आप एक गिलास पानी में रात को करीब एक चम्मच जीरा भिगोकर रख दें।

सुबह उठने बाद आप इस पानी को छानकर पी सकते हैं। इसके अलावा आप सुबह जीरे की चाय भी पी सकते हैं। जीरे की चाय बनाने के लिए आप करीब डेढ़ कप पानी को गैस पर चढ़ाएं और इसमें एक चम्मच जीरा मिला दें। जब पानी में उबाल आने लगे तो इसे गैस से उतार कर छान लें। इस चाय में आप नींबू का रस और शहद को भी मिला सकते हैं।

### यूरिक एसिड को कम करने के लिए क्या करें?

- यूरिक एसिड को कम करने के लिए आप ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं। इससे शरीर से यूरिक एसिड तेजी से बाहर होता है।
- यूरिक एसिड की समस्या होने पर आपको शुगर का सेवन कम करना चाहिए। इसकी जगह पर आप फल और शहद का सेवन कर सकते हैं।
- इस समस्या में आप रेड मीट खाने से बचें, क्योंकि इससे आपके शरीर में प्यूरिन का स्तर बढ़ने लगता है। यह यूरिक एसिड बढ़ने की एक मुख्य वजह होता है।
- इस समय आपको शराब का सेवन नहीं करना चाहिए, क्योंकि शराब से डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। जिसकी वजह से शरीर में यूरिक एसिड बढ़ सकता है।
- यूरिक एसिड को कम करने के लिए फाइबर युक्त आहार शामिल करने चाहिए। इससे खून में शुगर का लेवल नियंत्रित रहता है और यूरिक एसिड बढ़ने का खतरा कम हो जाता है।

# दाढ़ी बढ़ाने के लिए इस तरह करें बादाम के तेल का प्रयोग, मिलेगी हैवी बियर्ड

आजकल लंबी और हैवी बियर्ड काफी ट्रेंड में हैं। यह न सिर्फ देखने में काफी स्टाइलिश लगता है, बल्कि पुरुषों की पर्सनालिटी में भी चार चांद लगा देता है। लेकिन बहुत से पुरुषों के साथ यह समस्या देखने को मिलती कि वे लंबी और घना दाढ़ी की चाहत तो रखते हैं, लेकिन उनकी बियर्ड की ग्रोथ ठीक से नहीं होती है। दाढ़ी बढ़ाने के लिए बाजार में मिलने वाले बियर्ड ग्रोथ ऑयल का प्रयोग करते हैं। हालांकि इनसे कुछ खास फायदा उन्हें नहीं मिल पाता है। बल्कि कुछ लोगों इसके कारण त्वचा से जुड़ी समस्याएं जैसे एलर्जी, मुंहासे और दाने आदि देखने को मिलती हैं। ऐसे में वे काफी निराश और हताश हो जाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं अगर आप चेहरे दाढ़ी वाले हिस्से में बादाम के तेल से मालिश करें तो इससे बियर्ड ग्रोथ में काफी मदद मिल सकती है? जी हां, आपने बिल्कुल सही पढ़ा! ऐसा इसलिए क्योंकि यह विटामिन ई, प्रोटीन और हेल्दी फैट्स से भरपूर होता है।

जिससे यह बालों के विकास में बहुत मददगार है। यह ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाने और सूजन को कम करता है। लेकिन दाढ़ी बढ़ाने के लिए बादाम के तेल का प्रयोग का सही तरीका बहुत कम लोग ही जानते हैं।

### बादाम के तेल से दाढ़ी बढ़ाने का तरीका

लंबी और घनी दाढ़ी पाने के लिए आपको सबसे पहले एक कटोरी में 1 चम्मच बादाम का तेल और 1 चम्मच जोजोबा तेल डालना है। दोनों को मिक्स करके हल्का गर्म कर लें। अब आपको इसे दाढ़ी वाले एरिया पर लगाकर मसाज करना है। 4-5 मिनट मालिश करने के बाद इसे चेहरे पर 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। उसके बाद चेहरा धो लें। हालांकि अगर आप चाहें तो रात में सोने से पहले इसे चेहरे पर लगाकर रातभर के लिए छोड़ भी सकते हैं। ऐसा रात में सोने से पहले नियमित रूप से करें। आपको जल्द परिणाम देखने को मिलेंगे।

# खांसी दूर करने के लिए घर पर बनाएं मुलेठी की चाय, मिलेगा जल्द आराम

बदलते मौसम में आपको संक्रमण होने की संभावना बढ़ जाती है। जिसकी वजह से सबसे पहले आपको सर्दी और जुकाम होता है। साथ ही आपको गले में दर्द और कफ की समस्या भी होने लगती है।

अपने इस बात पर गौर किया होगा कि मौसम बदलते समय लोगों को इंफेक्शन और बुखार होने की संभावना भी बढ़ जाती है। अगर आपको इंफेक्शन कम है तो आप घरेलू उपायों की मदद से अपनी तबीयत में आराम पा सकते हैं। अगर आप भी घरेलू उपायों से सर्दी जुकाम, खांसी और कफ को ठीक करने का विचार कर रहे हैं, तो ऐसे में आप मुलेठी का उपयोग कर सकते हैं। गले के इंफेक्शन, खांसी और कफ को दूर करने के लिए मुलेठी का इस्तेमाल सालों से किया जा रहा है। आप मुलेठी का चाय बनाकर खांसी और कफ में आराम पा सकते हैं।

**खांसी और कफ के लिए मुलेठी के फायदे :** मुलेठी में एंटीफंगल, एंटीवायरल और एंटीऑक्सिडेंट तत्व मौजूद होते हैं, जो आपको संक्रमण की वजह से होने वाली समस्याओं को दूर करने में सहायक होते हैं। इसके साथ ही मुलेठी में पाए जाने वाले एंजाइम्स से रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर होती है और आपका शरीर बाहरी रोग की मुख्य वजह बनने वाले बैक्टीरिया से लड़ने में सक्षम बनता है। मुलेठी में इंफ्लेमेटरी गुण भी पाए जाते हैं जो आपके शरीर के दर्द को दूर करने करने और सूजन को कम करने में सहायक होते हैं।

मुलेठी की चाय से आपके फेफड़ों में होने वाला संक्रमण दूर होता है और आपको सांस लेने में आने वाली परेशानी दूर होती है। ये आपकी खांसी और कफ को दूर करने का भी कार्य करता है। फेफड़ों और श्वसन तंत्र में इंफेक्शन की वजह से ही खांसी और कफ की समस्या होती है। लेकिन मुलेठी के उपयोग से आप इस समस्या को आसानी से दूर कर सकते हैं।



### खांसी को दूर करने के लिए कैसे बनाएं मुलेठी की चाय

- इस चाय को बनाने के लिए आप करीब दो कप पानी को गैस पर चढ़ाएं।
- इसके बाद इस पानी में करीब आधा चम्मच मुलेठी पाउडर मिला दें।
- इसके साथ ही इसमें एक छोटा टुकड़ा अदरक का कद्दूकस करके मिला दें।
- पानी आधा रह जाए तो गैस से इसे उतार लें।
- इस पानी में शहद और एक नींबू का रस मिलाएं।
- आपकी मुलेठी की चाय तैयार है, इसे आप दिन में दो बार पी सकते हैं।

### मुलेठी और शहद

इसके अलावा गले की खराश, कफ और खांसी को दूर करने के लिए आप मुलेठी के छोटे से टुकड़े को शहद के साथ चूसें। इससे भी आपको गले की समस्या में आराम मिलता है और आप संक्रमण से दूर रहते हैं।

### मुलेठी के गर्म पानी से गरारे करें

मुलेठी के गर्म पानी से गरारे करने से भी आपको खांसी और गले के संक्रमण में आराम मिलता है। आप करीब दो गिलास पानी लें और इसमें मुलेठी को कूटकर मिला दें। इसके बाद इसमें चुटकी भर हल्दी मिला दें।

# जनाधार प्रकरणों का हो पूर्ण सतर्कता से निस्तारण : सुराणा

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शनिवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार आपणी योजना में आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग व आयोजना विभाग की समीक्षा बैठक में विभागीय गतिविधियों, कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा.निर्देश प्रदान किए। जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि जन आधार में संशोधन, नए जन आधार बनाने और जन आधार डिलीट के प्रकरणों का पूर्ण सतर्कता से निस्तारण करें। सांख्यिकी अधिकारी ऐसे प्रकरणों में आवेदकों के दस्तावेजों की समुचित जांच करें और पोर्टल आदि पर पूर्ण एंट्री करें। उन्होंने कहा कि जन्म-मृत्यु पंजीकरण तथा जनाधार से संबंधित लंबित प्रकरणों पेंडेंसी को समुचित मॉनीटरिंग एवं नियमित फॉलो-अप के माध्यम से शीघ्र समाप्त करें। प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले के जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण डेटा अपडेट व शुद्ध होने चाहिए। ऑनलाइन एंट्री में किसी प्रकार की त्रुटि न हो, इसके लिए नियमित जांच की जाए। सुराणा ने जनगणना-2027 के तहत मास्टर ट्रेनर, प्रगणक, पर्यवेक्षक आदि की नियुक्ति सहित विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की और कहा कि प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर गतिविधियों की समुचित तैयारी रहे। कार्मिकों को समुचित प्रशिक्षण दिया जाए और किसी प्रकार की अस्पष्टता की स्थिति में आपसी समन्वय से दूर करें। जिला कलक्टर ने जन आधार, पहचान, जन्म, मृत्यु व विवाह पंजीयन और संशोधन, मुख्यमंत्री ई-ग्राम परियोजना, जीवनांक, विभागीय प्रकाशन, कृषि सांख्यिकी, जनगणना, सीएमएमएस पोर्टल, वार्षिक सर्वेक्षण, संस्था आधार, पंच गौरव योजना सहित विभाग द्वारा संपादित विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। सांख्यिकी उपनिदेशक डॉ राम गोपाल सेपट ने विभागीय गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विभागीय कार्यों एवं सर्वेक्षणों की वर्तमान प्रगति, डेटा संकलन एवं रिपोर्टिंग से संबंधित जानकारी दी। इस अवसर पर सीपीओ भागचंद खारिया सहित आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आयोजना विभाग की योजनाओं और कार्यक्रमों का हो सफल क्रियान्वयन

इस दौरान जिला कलक्टर ने आयोजना विभाग की विभिन्न विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा कर योजनाओं व कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम के तहत सम्पूर्णता अभियान के अन्तर्गत 03 संकेतकों में शत-प्रतिशत लक्षय अर्जन पर संतोष जाहिर करते हुए शेष 03 संकेतकों में समयबद्ध तरीके से सम्पूर्णता हासिल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम में सम्मिलित सभी संकेतकों में मार्च माह में में शत.प्रतिशत सफलता अर्जित कर ब्लॉक को आशान्वित से प्रेरणादाई बनाने की दिशा में कार्य करें और इस हेतु सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर वार्षिक लक्ष्य हासिल करें। उन्होंने बीस सूत्री कार्यक्रम में सी श्रेणी में शामिल प्रधानमंत्री आवास और राजीविका के रिवोल्विंग फंड में सुधार कर जिले की रैंक सुधारने, गुरु गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना के तहत सभी कार्यों को इसी वित्तीय वर्ष में पूरा करने व चूरू ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी को नियमित मॉनिटरिंग करने, फ्लैगशिप योजनाओं की क्रियान्विति में समुचित मॉनीटरिंग करने, स्टेट लेवल इश्यू में राज्य स्तर से पत्राचार कर आगामी कार्यवाही करने और जिला गजेटियर में राज्य स्तर पर चाही गई सूचनाओं को भिजवाकर गजेटियर प्रकाशन से संबंधित कार्य शीघ्र पूरा करने, जीपीडीपीए प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, ई-फाईल, ई-डाक सहित विभागीय कार्यों के संबंध में के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए। मुख्य आयोजना अधिकारी भागचंद खारिया ने विभाग से संबंधित आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम, सम्पूर्णता अभियान 2.0, बीस सूत्री कार्यक्रम, गुरु गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना, फ्लैगशिप योजनाओं, जिले के राज्य स्तर पर लंबित मुद्दे, जिला गजेटियर प्रकाशन, जीपीडीपी, केपीआई नवाचारए, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, ई-फाईल व कर्मयोगी पोर्टल की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## बिश्नोई ने सुनी जनसमस्याएं, सीवर लाइन के प्रस्ताव बनाने के दिए निर्देश



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक बिहारीलाल बिश्नोई ने शनिवार को पाँचू के विभिन्न मोहल्लों का दौरा कर जलभराव और गंदगी की समस्या का जायजा लिया। बिश्नोई ने सुथारों के अगुणा बास और ब्राह्मणों के मोहल्ले में पहुंचकर गंदे पानी की निकासी व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मोहल्लेवासियों ने बिश्नोई को अवगत कराया कि गाँव में सीवरेज व्यवस्था ठप होने के कारण गलियों में गंदा पानी जमा है और कीचड़ पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि गाँव में वर्तमान में लगभग 3 किमी सीसी सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है लेकिन उचित प्रबंधन के अभाव में जगह-जगह चैंबर टूटे हुए हैं। ग्रामीणों की मांग है कि सड़क निर्माण पूर्ण होने से पहले जल निकासी की इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान किया जाए।

### अधिकारियों को दो दिन का अल्टीमेटम

जनता की समस्याओं को देखते हुए पूर्व विधायक बिहारीलाल बिश्नोई ने मौके पर ही पाँचू बीडीओ और ग्राम पंचायत प्रशासन से बात की। उन्होंने अगले 2 दिनों के भीतर गंदे पानी की निकासी हेतु प्रस्ताव तैयार करने एंव प्रभावित क्षेत्रों में नई सीवर लाइन बिछाने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए ताकि सीसी सड़क बनने के बाद दोबारा खुदाई की नौबत न आएए इसके निर्देश दिए। इस दौरान दर्जनों मोहल्लेवासी और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## समीक्षा कर सहायक कोषाधिकारियों को दिए निर्देश

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शनिवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार आपणी योजना में कोष कार्यालय व अधीनस्थ उपकोष कार्यालयों के कार्यों की समीक्षा कर सहायक कोषाधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि कोष कार्यालयों के माध्यम से सभी प्रकार के भुगतान, बिलों के निस्तारण और वित्तीय अभिलेखों के संधारण में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि सरकारी योजनाओं व कार्यों के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोष कार्यालयों में आने वाले बिलों और प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया जाए तथा लंबित मामलों को प्राथमिकता से निपटाया जाए। साथ ही वित्तीय अनुशासन का पूर्ण रूप से पालन करते हुए लेखा संबंधी कार्यों को निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं के अनुरूप संपादित किया जाए। बैठक में उन्होंने कोष कार्यालयों के माध्यम से संचालित वित्तीय लेखों व कार्यों, भुगतान प्रक्रियाओं तथा लेखा संबंधी व्यवस्थाओं, अधीनस्थ उपकोष कार्यालयों के भवन निर्माण आदि बिन्दुओं की विस्तार से समीक्षा की। कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल ने गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान सभी अधीनस्थ उपकोष कार्यालयों से सहायक कोषाधिकारी मौजूद रहे।

## 17 से 23 मार्च तक आयोजित होंगे राजसखी मेला एवं ओडीओपी प्रदर्शनी

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने वीडियो संदेश के माध्यम से जिलेवासियों से राजसखी मेले व ओडीओपी प्रदर्शनी में अधिकाधिक भागीदारी की अपील की है। उन्होंने कहा है कि जिला प्रशासन, राजीविका व जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में राजसखी मेला एवं ओडीओपी प्रदर्शनी का आयोजन 17 मार्च से 23 मार्च, 2026 तक जिला मुख्यालय पर चूरू चौपाटी में सुबह 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक किया जाएगा। इस मेले में राजस्थान के विभिन्न जिलों के साथ-साथ अन्य राज्यों से भी आई हुई महिलाओं द्वारा निर्मित हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट एवं होम डेकोर से जुड़े अनेक आकर्षक उत्पादों एवं फुड कोर्ट लजीज व्यंजनों की 80 से अधिक स्टाल्स की प्रदर्शनी एवं बिक्री लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में 19 से 21 मार्च को चूरू महोत्सव-2026 का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने चूरू जिले के सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मेले में भागीदारी की प्रदर्शनी का अवलोकन करें और यहां उपलब्ध उत्पादों की खरीदारी कर इस आयोजन को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। यह सहयोग हमारी ग्रामीण महिलाओं की आजीविका को सशक्त बनाने और उनकी आय में वृद्धि करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## विकसित राजस्थान रन आज

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों के तहत रविवार, 15 मार्च, 2026 को सवेरे 07 बजे जिला खेल स्टेडियम से नेचर पार्क तक विकसित राजस्थान रन आयोजित की जाएगी। सीईओ श्वेता कोचर ने आमजन से विकसित राजस्थान रन में अधिकाधिक भागीदारी निभाने की अपील की है।

## जयपुर में प्रॉपर्टी कारोबारी पर गोली चलाई

### 3 गाड़ियों में आए बदमाशों ने घेरकर फायरिंग की

**जयपुर।** जयपुर में घर से मंदिर के लिए निकले एक प्रॉपर्टी कारोबारी पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। कारोबारी सुबह घर से फॉर्च्यूनर गाड़ी लेकर मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान 3 लग्जरी गाड़ियों में आए बदमाशों ने उसे घेर लिया और गोली चला दी। गोली फॉर्च्यूनर गाड़ी के बोनट से टकराकर फ्रंट शीशे में जाकर लगी और कारोबारी बच गया। फायरिंग के दौरान कारोबारी ने भी बदमाशों की गाड़ी को टक्कर मार दी। इसके अलावा पैदल भाग रहे एक बदमाश के पीछे अपनी गाड़ी दौड़ा दी। हालांकि आरोपी गाड़ी में बैठकर भाग निकले। घटना बिंदायका थाना इलाके में हाथोज फाटक के पास सुबह करीब 11.30 बजे हुई। बदमाशों ने कारोबारी की गाड़ी को घेरा, फायरिंग की जानकारी के अनुसार, सिरसी गांव के रहने वाले प्रॉपर्टी कारोबारी कमल मीणा उर्फ कमल सिरसी (38) पर फायरिंग हुई है।

## यूपीएससी में चयनित प्रीति जेवरिया का किया सम्मान

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी कस्बे की महात्मा गांधी राजकीय स्कूल में शनिवार को यूपीएससी में चयनित प्रीति जेवरिया का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेंद्र कुमार थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जितेंद्र जांगिड़ ने की कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने शिक्षा की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में यूपीएससी में चयनित प्रीति जेवरिया ने कहा कि आज के समय में बेटियां किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। वह अपने कौशल व दक्षता का परिचय देते हुए अपने माता-पिता व देश का गौरव बढ़ा रही हैं। वर्तमान समय में सेना व पुलिस में अधिकारी बनकर बेटियां कंधों से कंधा मिलाकर अपने फर्ज निभा रही हैं। ऐसे में समाज को अब अपनी धारणा को बदलना चाहिए तथा बेटा और बेटी के फर्क को बुलाकर सम्मानता का अधिकार देना चाहिए। पहले के समय में पुराने विचारों के आदमी होने के कारण बेटियों को पूर्ण रूप से आजादी नहीं मिल पाती थी, लेकिन अब बेटियां किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कमजोर नहीं है तथा हर क्षेत्र में अपना कौशल दिखा रही हैं। बेटियों को पढ़ाई के लिए अधिक से अधिक प्रेरित कर उन्हें आगे बढ़ने का मौका देना चाहिए। इस दौरान प्रीती ने अपने अनुभवो को विद्यालय के बच्चो के साथ साझा किया और बच्चो को अपने लक्ष्य



निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए कठोर मेहनत करने की सलाह दीं स कार्यक्रम स्कूल स्टाफ की ओर से प्रीति जेवरिया का माला व प्रतिक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य संदीप कुमार, जयसिंह, असराम, सुरेन्द्रए दीपक, बुलकेश, मुन्नी, सुमन, धर्मपाल, पवन, कविता, भारती, सुशीला आदि उपस्थित रहे।

## रिको एरिया में अचानक लगी आग



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के बबाई स्थित रिको एरिया शनिवार शाम को अचानक आग लग गई। आग की लपटे देखकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा बड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। इस दौरान खेतड़ी नगरपालिका की दमकल ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान आग लगने से काफी दूर तक जंगली कीकर व घास में आग जल गई। फायरमैन मुकेश कुमार ने बताया की उन्हें सूचना मिली कि बबाई के रिको एरिया में आग लगी हुई है। आग रिको के खाली जगह पर उगी हुई जंगली कीकर, घास में आग लगी हुई थी।

इस दौरान हवा तेज होने से देखते ही देखते आग के चारो तरफ फैलने लगी। रिको एरिया में लगी आग की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को दी। आग लगी देख आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे तथा आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग सुखी घास में तेजी से फैल रही थी। आग आबादी क्षेत्र की ओर बढ़ती देख खेतड़ी नगरपालिका दमकल को सूचना दी। सूचना पर खेतड़ी की दमकल ने मौके पर पहुंच कर करीब तीन घंटे कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। इस दौरान अचानक आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया। आग लगने से काफी दूर तक पेड़ पौधे जलकर राख हो गए। इस दौरान की सूचना पर फायरमैन मुकेश कुमार, लोकेश सिंह, सुंदरलाल सैनी, विजेश सैनी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने मूर्तियों को करवाया नगर भ्रमण



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड की केशव गोशाला माधोगढ़ में मूर्ति स्थापना समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने कलश यात्रा निकाल कर मूर्तियों को नगर भ्रमण करवाया गया। भामाशाह द्वारका प्रसाद जांगिड़ द्वारा नवनिर्मित मंदिरों में चल रहे दो दिवसीय मूर्ति स्थापना समारोह के प्रथम दिवस 101 महिलाओं की कलश यात्रा व खुले वाहन में मूर्तियों को विराजमान कर गोशाला परिसर से नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई यात्रा कुण्डाधाम बालाजी मंदिर पहुंची। इस दौरान पंडितों ने मंत्रौचार कर मूर्तियों की विधिवत पूजा-अर्चना करवाई। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व हवन कराया गया, जिसमें गणमान्य लोगों ने भाग लेकर आहुतियां दी। पंचामृत से स्नान कराकर मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कर महाआरती की गई। कार्यक्रम में भामाशाह द्वारका प्रसाद ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होना संस्कृति को बढ़ावा देना जैसा है। इससे सनातन धर्म के प्रचार प्रसार को बढ़ावा मिलता है। धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेने से मनुष्य के विचारों में परिवर्तन होता है। वही बुरे कर्मो को छोड़कर सच्चाई की राह पर चलने की प्रेरणा भी मिलती है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में अच्छे कर्म करने चाहिए तथा जीव जंतुओं की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर निर्माण से गांव में धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों को नई मजबूती मिलेगी। महिलाओ की ओर से निकाली गई कलश यात्रा व मूर्ति नगर भ्रमण का ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर रामनिवास बजाड़, गोशाला अध्यक्ष कैप्टन घीसाराम, पूर्व सरपंच रामनिवास, उमराव बजाड़, रणवीर सिंह पदेवा, ओमप्रकाश, शेरसिंह छावडी, शम्भुदयाल जांगिड़, मंगेजाराम फागणा, धूडाराम सहित कई लोग मौजूद रहे।

## युवक की कुंड में डूबने से मौत

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** तहसील के गांव मालपुर में शुक्रवार की देर शाम 27 वर्षीय युवक की कुंड में डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को कुंड से बाहर निकलवाकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवायाए जहां शनिवार को मर्ग दर्ज होने के बाद पुलिस ने लाश का पोस्टमार्टम करवाकर शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनो के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने बताया कि मालपुर निवासी 45 वर्षीय पालाराम मेघवाल ने रिपोर्ट दी कि उसका 27 वर्षीय पुत्र मुकेश मवेशियों को चराने के लिए गांव के गोगाणा जोहड़ पर गया था। जब शाम को वह घर नहीं लौटा, तो उसकी तलाश की। इस दौरान जोहड़ में बने कुंड के पास चप्पल दिखाई दी और दरवाजा खुला हुआ था, जिस पर टॉर्च की रौशनी से देखा, तो मुकेश का शव पानी में तैरता हुआ मिला। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर लाश का पोस्टमार्टम करवाकर शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## राजस्थान दिवस सप्ताह का शुभारंभ



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर के निर्देशानुसार सेठ केदारनाथ मोदी राजकीय महाविद्यालय गुढ़ा में राजस्थान दिवस सप्ताह का उत्साहपूर्वक शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें प्राचार्य, स्टाफऔर विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. डॉ. अनीता झाझड़िया ने कहा कि राजस्थान दिवस सप्ताह जैसे आयोजन विद्यार्थियों के मानसिक, सामाजिक और बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाते हैं तथा उनमें अपने प्रदेश और राष्ट्र के विकास के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। उन्होंने श्विकसित राजस्थान/2047 की संकल्पना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, कृषि, उद्योग और सामाजिक विकास के क्षेत्र में युवाओं की ऊर्जा और नवाचार राज्य के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। कार्यक्रम में प्राचार्य ने विद्यार्थियों को विकसित महाविद्यालय एवं विकसित राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही भविष्य के राष्ट्रनिर्माता हैं और उनके ज्ञानए कौशल व सकारात्मक सोच से ही विकसित राजस्थान का सपना साकार होगा। इस अवसर पर कृष्ण लाल राजनीति विज्ञान ने राजस्थान के वर्तमान सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य पर प्रकाश डाला तथा बताया कि राज्य किस प्रकार विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। वहीं डॉ. सुशील कुमार शर्मा ने इतिहास के परिप्रेक्ष्य में राजस्थान की गौरवशाली परंपरा, संस्कृति और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए विकसित राजस्थान की अवधारणा को ऐतिहासिक दृष्टि से समझाया। शिक्षाविद् राजेश कुमार ने नई शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी देते हुए बताया कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ-साथ कौशल और नवाचार के लिए भी प्रेरित करती है। जानकारी देते हुए डॉक्टर वी.एस तंवर ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक अपने विचार व्यक्त किए और विकसित राजस्थान के निर्माण में युवा शक्ति की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्टाफव विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में शिक्षा को विकास का सबसे महत्वपूर्ण आधार बताते हुए समाज, प्रदेश और राष्ट्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया।

**न्यायालय अपर जिला एवं सैशन**

**जज साहब, चिड़ावा-राज.**

**पीठासीन अधिकारी:- श्री नरेन्द्र सिंह, आर.एच.जे.एस.**

**सन्तोष कँवर पत्नी श्री सायर सिंह, उम्र 43 वर्ष, जाति राजपूत, निवासी ग्राम खुडानियाँ, तहसील सूरजगढ़, जिला झुन्झुनू-राज.**

**बनाम**

**सर्व साधारण हर आम व खास ( जन साधारण )**

**मु.नं. 15/24**

**अपील विरूद्ध निर्णय, आदेश व डिक्री दिनांक 05-08-2024, पास कर्दा अधिकारी न्यायालय सिविल न्यायाधीश, पिलानी-राज., बमुकदमा उनवानी सन्तोष कँवर बनाम सर्व साधारण हर आम व खास ( जन साधारण ), मु, नं. 23/2023 बाबत घोषित किए जाने सिविल मृत्यु**

अपीलार्थी ने आपके विरूद्ध अपील विरूद्ध निर्णय व डिक्री दिनांक 05-08-2024, पास कर्दा अधिकारी न्यायालय सिविल न्यायाधीश, पिलानी-राज., बमुकदमा उनवानी सन्तोष कँवर बनाम सर्व साधारण हर आम व खास (जन साधारण), मु.नं. 23/2023,, इस आशय का प्रस्तुत किया था कि वादिया सन्तोष कँवर का पति सायर सिंह पुत्र श्री गंगा सिंह, जाति राजपूत, निवासी ग्राम खुडानियाँ, तहसील पिलानी, जिला झुन्झुनू-राज. करीब 35-36 वर्ष पूर्व, दिनांक 02-02-1987 को अपने घर से कहीं चला गया जिसके तथा लापता हो गया, उक्त दिनांक 02-02-1987 के पश्चात् उक्त सायर सिंह लौट कर नहीं आया, जिसकी सिविल मृत्यु की घोषणार्थ एक वाद वादिया/अपीलार्थिया सन्तोष कँवर के द्वारा अदालत मातहत के समक्ष प्रस्तुत किया गया था जिस निर्णय के विरूद्ध अपीलार्थिया सन्तोष कँवर ने अपील प्रस्तुत की है, सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त अपील पर किसी प्रकार की कोई आपत्ति अथवा उज्र होवे तो आपको इस न्यायालय में तारीख 28/03/2026 को दिन के दस बजे अपील का उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हो और जो अपील से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो अपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजरई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजरई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसे दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टी करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिती में किया जाएगा। यह आज तारीख 07-03-2026 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायाधीश**
**न्यायालय अपर जिला एवं सैशन जज साहब,**
**चिड़ावा-राज.**

# नागरिक सेवाओं की हो समयबद्ध आपूर्ति, नगरीय व्यवस्थाएं रहें मुस्तैद : सुराणा



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शनिवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में नगरनिकाय अधिकारियों से विभागीय योजनाओं व कार्यों की समीक्षा कर विस्तृत चर्चा की और समुचित निर्देश दिए। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि जिले के सभी शहरी निकायों में नगरीय व्यवस्थाएं मुस्तैद रहें और नागरिक सेवाओं की समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय आमजन से सीधे जुड़े होते हैं, इसलिए सफाई व्यवस्था, पेयजल, सड़क, स्ट्रीट लाइट, कचरा प्रबंधन, नालों की सफाई और अन्य मूलभूत सेवाओं में किसी प्रकार की ढ़िलाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए तथा सीवरेज, ड्रेनेज, रास्ते पर कचरा व निर्माण कार्य, पानी भराव, स्ट्रीट लाइट आदि जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों की नियमित मॉनीटरिंग की जाए। उन्होंने विशेष रूप से आगामी गर्मी और मानसून को ध्यान में रखते हुए शहरों में जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी नगरीय निकाय 15 अप्रैल से पहले नालों की सफाई का कार्य पूर्ण करें, ताकि बारिश के समय जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो और आमजन को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बैठक में ठोस कचरा प्रबंधन व डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के साथ शहरों में साफसफाई सुदृढ़ रखने, आवश्यक टेंडर करने, मानसून के दौरान आवश्यक सेवाओं का प्रबंधन करने सहित नगरीय सेवाओं के संबंध में चर्चा कर आवयक निर्देश दिए। इस अवसर पर मौजूद सभी नगर निकाय अधिकारियों ने अपने नगरीय क्षेत्रों में व्यवस्थाओं से अवगत करवाया। इस दौरान चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह, सरदारशहर आयुक्त मघराज डूडी, भवानीशंकर व्यास, सहदेवदान चारण, अजयप्रताप सिंह सहित नगर निकाय अधिकारी मौजूद रहे।

## स्वच्छता सप्ताह का शुभारम्भ



निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** ग्राम पंचायत चनाना में शनिवार को राजस्थान दिवस समारोह कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। यह कार्यक्रम प्रेम बिहारी माथुर सहायक अभि. जिला परिषद झुंझुनू के सानिध्य में उनकी टीम सदस्य सुमन जिला समन्वयक, विजेंद्र कुमार सोनी पंचायत समिति चिड़ावा, प्रवीण कुमार ब्लॉक समन्वयक , रमन धनकड़ ग्राम पंचायत चनाना एवं ग्राम स्तरीय कार्मिक एवं ग्रामीण उपस्थित थे। इस दोरान उपस्थित लोगों को स्वच्छता सप्ताह 14 से 19 मार्च तक अंतर्गत आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी विस्तार से दी गयी। प्रेम बिहारी ने स्वच्छता अभियान के तहत की गयी साफ सफाई की जाएगी। ग्राम पंचायत चनाना में प्रदेश व्यापी अभियान का भव्य आगाज हुआ। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का उद्धघाटन किया गया जिसमें स्वच्छता अभियान को टीम द्वारा 7 दिन के कार्यक्रम में विभाजित किया गया। जिसमें सफाई अभियान प्लास्टिक मुक्त रैली और स्वच्छता श्रमदान कार्य किये जायेंगे। ग्राम विकास अधिकारी रमन धनखड़ ने स्वच्छ राजस्थान की शुरुआत की। ग्राम विकास अधिकारी ने सर्वप्रथम मंदिरों स्मारकों सार्वजनिक स्थानों स्वच्छता अभियान चलाकर अपनी टीम और ग्रामीणों से श्रमदान करवाया। सरकारी विद्यालय का सहयोग लेकर जागरूकता एवं प्लास्टिक मुक्त ग्राम पंचायत के लिये जन जागरण उदघोष के साथ रैली निकाली और रैली के समापन पर कपड़े से बने थेले वितरण किये गये। स्थानीय नागरिकों को ब्रांड एम्बेसडर और प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर स्वच्छता की शपथ दिलाकर सभी के साथ संकल्प लिया गया मेरा राष्ट्र, स्वच्छ राष्ट्र। इस अभियान में अंतिम छोर पर निवास करने वाले लोगों को शामिल कर स्वच्छता के प्रति जागृत किया जायेगा। इस दौरान टीम के साथ आये सहायता अभियंता जिला परिषद अन्नपूर्णा रसोई घर चनाना का निरीक्षण किया गया जिसमें भोजन की गुणवत्ता व अच्छी पाई गई। इसके साथ ही महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय चनाना में पिंक टॉयलेट का भी निरीक्षण किया गया इसमें नया आवास फैशन लगाने के लिए आदेशित किया गया।

## स्टूडेंट्स ने किया औद्योगिक भ्रमण



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** महर्षि अरविंद यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ फार्मेसी के स्टूडेंट्स ने शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण के तहत जयपुर स्थित डीडी फार्मा का दौरा किया। इस दौरान छात्रों ने दवाओं के निर्माण की प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग तथा प्रयोगशाला में होने वाले विभिन्न परीक्षणों के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। कंपनी के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को आधुनिक फार्मास्यूटिकल तकनीकों और उत्पादन प्रक्रिया से अवगत कराया, जिससे उन्हें उद्योग की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझने का अवसर मिला। विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन डॉ. भारत पाराशर ने कहा कि ऐसे औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभदायक होते हैं, क्योंकि इससे उन्हें पाठ्यक्रम के साथ-साथ उद्योग का व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त होता है और उनके ज्ञान व कौशल में वृद्धि होती है। विद्यार्थियों ने इस भ्रमण को ज्ञानवर्धक बताते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन एवं फार्मा कंपनी का आभार व्यक्त किया।


## सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** नजदीकी गांव बांय के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मे राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर सत्र 2025-26 का भव्य शुभारंभ शनिवार को हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य छगनलाल ने कीए जबकि संचालन कार्यक्रम प्रभारी चरणसिंह ने किया। ?शिविर का प्रारंभ माँ सरस्वती के पूजन और वंदना के साथ किया गया। इस वर्ष शिविर की थीम मेरा युवा भारत एवं डिजिटल साक्षरता रखी गई है। उद्घाटन सत्र के बाद स्वयंसेवकों ने विद्यालय द्वारा गोद ली गई बस्ती मोहल्ला कुम्हारान में प्रभात फेरी निकाली। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर डिजिटल साक्षरता के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया और नारे लगाए। समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य छगनलाल ने कहा कि ष्मानव सेवा ही राष्ट्र की सच्ची सेवा है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के आधुनिक युग में डिजिटल रूप से साक्षर होना बेहद अनिवार्य है। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों ने सेवा और समर्पण की शपथ लेकर अपने सात दिवसीय कार्यों का श्रीगणेश किया। विशेष गतिविधि में गोद ली गई बस्ती मोहल्ला कुम्हारान में जागरूकता रैली निकाली गई, कार्यक्रम में पन्नालाल सोलंकी, दिलराज मीणा, पूजा उपाध्याय, कविता पेंसिया, मनोज शर्मा, नवीन यादव सहित अनेक अध्यापक मौजूद रहे।

## पिंक टॉयलेट का शुरू करने की मांग




निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय गांधी चौक में नव निर्मित पिंक टॉयलेट को शुरू करवाए जाने की मांग निवर्तमान पार्षद गणेश मंडावरिया ने की है। डीएलबी जयपुर के निदेशक को पत्र लिखकर मंडावरिया ने बताया है कि मुख्य बाजारों में टॉयलेट नहीं होने से महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए करीब 30 लाख की लागत से बने पिंक टॉयलेट का जल्द से जल्द शुभारंभ किया जावे।

## विकसित राजस्थान रन को मुख्यमंत्री अमर जवान ज्योति से दिखाएंगे हरी झण्डी



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शासन सचिव युवा मामले एवं खेल विभाग व अध्यक्ष राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् डॉ नीरज के. पवन ने सवाई मानसिंह स्टेडियम के अर्जुन मीटिंग हॉल में राज्य स्तरीय विकसित राजस्थान रन 2026 को सफल बनाने के उद्देश्य से गठित की गई खेल परिषद् की विभिन्न समितियों के अधिकारियों, कर्मचारियों व प्रशिक्षकों की बैठक आहुत की।

जिसमें उन्होंने आयोजन को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर गत वर्ष से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर राजस्थान दिवस मनाने की शुरूआत की गई है। रविवार की सुबह साढ़े 6 बजे राज्य स्तरीय विकसित राजस्थान रन 2026 का आयोजन किया जाएगा। जिसे समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा अमर जवान ज्योति से फ्लैग ऑफ किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता युवा मामले एवं खेल मंत्री, राजस्थान सरकार कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ करेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री के.के. विश्नोई करेंगे। डॉ नीरज के. पवन ने कहा कि यह विकसित राजस्थान रन 3 किलोमीटर की होगी। किसी भी तरह की कोई अव्यवस्था न हो, इसका विशेष ख्याल रखा जाए। आयोजन सुव्यवस्थित, सुरक्षित और सफलतापूर्वक संपन्न हो। इसके लिए 11 समितियों का गठन किया गया है जिसमें सचिव, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद सुनील भाटी के नेतृत्व में आयोजन समिति का गठन किया गया है। मुख्य लेखाधिकारी कमलप्रीत कौर को समिति का सह-संयोजक बनाया गया है।

अन्य सदस्यों में जनसंपर्क अधिकारी तेजराज सिंह, खेल प्रबंधक रणविजय सिंह और खेल प्रबंधक नरेन्द्र भूरिया सदस्य होंगे। इसके अलावा क्रय समिति के मुख्य लेखाधिकारी कमलप्रीत कौर, कार्य प्रमाणीकरण समिति के अधिषाषी अभियंता रविन्द्र कुमार मीणा, वीआईपी सीटिंग अरेंजमेंट समिति के खेल प्रबंधक नरेन्द्र भूरिया, स्टेज व्यवस्था समिति के खेल प्रबंधक रणविजय सिंह, प्रचार-प्रसार समिति के जनसंपर्क अधिकारी तेजराज सिंह, चिकित्सा व्यवस्था समिति के सहायक प्रशासनिक अधिकारी राकेश वर्मा, अल्पाहार समिति के खेल प्रबंधक अनिरूद्ध जगधारी, टी-शर्ट वितरण समिति के अधिशाषी अभियंता रविन्द्र कुमार मीणा, सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति के खेल प्रबंधक शमीम अहमद और पेयजल व्यवस्था समिति के सहायक प्रशासनिक अधिकारी राकेश वर्मा को संयोजक नियुक्त किया गया है।

## सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारम्भ



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** सनातन धर्म मंदिर में शनिवार को राउमा विद्यालय पपुरना द्वारा सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या राजेश धाबाई ने की। मुख्य अतिथि सनातन धर्म मंदिर समिति अध्यक्ष सवाई सिंह सिराधना थे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में अभिषेक पारीक महामंत्री सनातन धर्म समिति, राजेश ढाडेल उपाध्यक्ष सनातन धर्म समिति मौजूद थे। एनएसएस शिविर प्रभारी अभयसिंह अध्यापक पपुरना ने सफाई के महत्व पर विस्तार से बताया। सवाई सिंह ने राष्ट्रीय सेवा सबसे उतम सेवा बताया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने मंदिर परिसर में सफाई की। इस मौके पर मंदिर मंत्री विमल शर्मा, रमेश पाण्डे, विकाश, आलोक जैदिया, राजेश नारवाल, अनुराग शर्मा, सुमन तिवाड़ी मौजूद थे। संचालन अध्यापक सरजीत कुमार ने किया।

## जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़ा के तहत शनिवार को श्री जगन्नाथ कंदोई बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर तारानगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सुरक्षा सखी अनीता तथा कालिका टीम प्रभारी हेड कांस्टेबल कविता ने छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। इस दौरान बालिकाओं को आत्मरक्षा के उपाय, महिला हेल्पलाइन नंबर, राजकोप सिटीजन ऐप के उपयोग बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही छात्राओं को गुड टच और बैड टच के बारे में भी विस्तार से समझाया गया और बताया गया कि यदि किसी भी प्रकार की असहज या गलत स्थिति का सामना हो तो तुरंत अपने अभिभावकों, शिक्षकों या पुलिस को जानकारी दें। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य दया कंवर भी उपस्थित रहे।

उन्होंने बालिकाओं को पढ़ाई के साथ-साथ अपनी सुरक्षा और अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। अंत में छात्राओं ने महिला सुरक्षा से जुड़े विषयों पर सवाल पूछे, जिनका समाधान किया गया और सभी को जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान आचार्य बनवारी, सुमन, सुशीला, माया, मनीषा, संतोष, समेष्ता, संदीप, नरेंद्र, किशन सिंह, प्रियंका, माया गोस्वामी, नंदलाल, विकेश सिंह, सावित्री आदि उपस्थित रहे।

## साईकिल वितरण के साथ हुआ छात्राओं का सम्मान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय राजकीय अज्योध्या बाई करवा उच्च माध्यमिक विद्यालय में साईकिल एवं पारितोषित वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमल किशोर करवा ने विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को करवा परिवार की ओर से पारितोषिक वितरण किया। कक्षा आठवीं उत्तीर्ण छात्राओं को राजस्थान सरकार द्वारा प्राप्त साइकिलों का वितरण विद्यालय के संस्था प्रधान द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में करवा परिवार की ओर से सरोज करवा, सुलोचना करवा, निलेश करवा सहित विद्यालय स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे। संस्था प्रधान प्रेम प्रकाश बेनीवाल ने करवा परिवार को धन्यवाद दिया संचालन प्रेमलता प्रजापत ने किया।

## बेटियों को दें समान अवसर : दिया कुमारी




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में भाग लिया और समाज के गणमान्य लोगों से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि वैश्य समाज ने हमेशा राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता, व्यापार और सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ऐसे आयोजन समाज को संगठित करने के साथ-साथ नई पीढ़ी को प्रेरित करने का कार्य भी करते हैं। उन्होंने बेटियों को समान अवसर देने की आवश्यकता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि यदि बेटियों को भी समान अवसर मिलेंगे तो वे भी आत्मनिर्भर बनेंगी। समाज को बेटों के साथ-साथ बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने सभी से मिलकर राजस्थान को विकसित राजस्थान बनाने में योगदान देने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक, भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल, मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ, वैश्य फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष एन.के. गुप्ता, ताराचंद समुराई, प्रदेश प्रभारी ध्रुवदास अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री गोपाल गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता, प्रदेश महिला अध्यक्ष चारू गुप्ता सहित समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सुरक्षा सखियों को दी कानूनी जानकारी

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सुरक्षा सखी पखवाड़ा के तहत ग्राम गोपालपुरा में सुरक्षा सखियों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सुरक्षा सखियों को महिलाओं के प्रति अपराधों, साईबर अपराधों के बारे में जानकारी दी गई और उनसे बचने के उपाय बताये गये।

इसी प्रकार महिलाओं की समस्याएं सुनी गई। सब इंस्पेक्टर गीता विश्नोई के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को बताया गया कि अपराध कारित होने के बाद वो कौनसे विधिक उपचार प्राप्त कर सकती हैं। बैठक में अनिता, रतनलाल कांस्टेबल आदि मौजूद रहे, जिन्होंने भी महिलाओं को कानूनी जानकारी देते हुए जागरूक किया।

## इंस्पायर अवार्ड के तहत छात्रा अनीता को मिलेंगे 10 हजार रुपए



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर तहसील के गांव तोगावास स्थित शहीद सुखदेव सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा अनीता पुत्री गिरधारी लाल का चयन इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के लिए हुआ है। इस योजना के तहत छात्रा को अपने विज्ञान संबंधी नवाचार को विकसित करने के लिए 10,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य राम प्रताप सांखला ने बताया कि भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा हर वर्ष इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत देशभर के विद्यालयों से चयनित विद्यार्थियों को प्रोत्साहन दिया जाता है। इस योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार को बढ़ावा देना है। छात्रा अनीता ने सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्मार्ट हेलमेट से संबंधित एक प्रोजेक्ट आइडिया तैयार किया है, जो दुर्घटना की संभावना होने पर पहले से चेतावनी देने का संदेश देता है। यह प्रोजेक्ट अध्यापक राजकमल सहारण के निर्देशन में तैयार किया गया है। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में छात्रा के दादाजी बद्री प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान विद्यालय परिवार ने अनीता का माला पहनाकर स्वागत किया तथा मिठाई वितरित कर खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रामप्रताप सांखला, उपप्रधानाचार्य अनुसुईया शर्मा, घड़सीराम सुथार, मांगीलाल गौड़, सरोज बाला शर्मा, गायत्री महला, सुरेश कुमार खत्री तथा राजकमल सहारण सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग पर कार्रवाई, 15 सिलेंडर जब्त



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में शनिवार को रसद विभाग की संयुक्त टीम ने चूरू शहर में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण एवं व्यावसायिक उपयोग के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान संयुक्त दल ने 06 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और रेस्टोरेंट की जांच की और 15 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। डीएसओ अंशु तिवाड़ी ने बताया कि संयुक्त टीम ने शहर के धर्मस्तूप के पास बाबा रेस्टोरेंट, मुख्य बाजार में ख्यालीराम अनु राम हलवाई, अनुपम कैटर्स, लालजी मिष्ठान भंडार सहित अन्य प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण किया। इस दौरान अनुपम कैटर्स व कन्हैयालाल प्रजापत के प्रतिष्ठानों से कुल 15 घरेलू सिलेंडर जब्त किए गए। अन्य प्रतिष्ठानों पर व्यावसायिक सिलेंडरों का ही उपयोग पाया गया। उन्होंने बताया कि सभी प्रतिष्ठानों से समझाइश करते हुए निर्देश दिए हैं कि वे व्यावसायिक गतिविधियों के लिए केवल वाणिज्यिक गैस सिलेंडर का ही उपयोग करें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190